36 वां स्थापना दिवस

# समवेत शिखर



वर्ष-36 अंक-05 | रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

### पीएम मोदी ने अम्बिकापुर सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों किया लोकार्पण

# छत्तीसगढ़ को मिली 5 अमृत स्टेशनों की सौगात

### 6 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया अम्बिकापुर में अमृत स्टेशन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर/अंबिकापुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गुरुवार को देशभर के 103 स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इनमें छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर सहित 5 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया गया है। यह भारतीय रेलवे के विकास की नई संस्कृति है, जिसमें चुनिंदा रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस वर्चुअल कार्यक्रम में अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन से जुड़े।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशन को आधुनिक बना रहे हैं। मालगाड़ियों के लिए अलग से विशेष ट्रैक बनाया जा रहा है। देश में करीब 70 रूट पर वंदे भारत ट्रेन चल रही है। देश में पहली बुलेट ट्रेन का काम चल रहा है। मोदी ने कहा कि भारत में हो रहे विकास कार्यों को देखकर दुनिया हैरान है। उत्तर में चिनाब ब्रिज जैसे निर्माण से लोग हैरान हैं। पूर्व में असम की बोगीबील ब्रिज, पश्चिम में मुंबई में समुंदर पर बना अटल सेतु नजर आएगा। दक्षिण में पाम्बन ब्रिज अपनी तरह का पहला ब्रिज है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ट्रेनों को भी आधुनिक कर रहा है। वंदे भारत ट्रेन, नमो भारत ट्रेन देश की नई गति को दर्शाती है। बीते 11 साल में सैकड़ों रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया गया है। 34 हजार किमी से ज्यादा के नए रेल ट्रैक बिछाए गए हैं।

गौरतलब है कि भारतीय रेल और देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदृष्टि का परिणाम रहा है कि इन विकास कार्यों से स्थानीय यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में पर्यटन एवं आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। भारतीय रेलवे द्वारा 1337 स्टेशनों के कायाकल्प की शुरुआत की है, इनमें 103 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य पूर्ण हो चुका है। उनमें छत्तीसगढ़ राज्य के पांच स्टेशन बिलासपुर मंडल का अम्बिकापुर, रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई, भानुप्रतापपुर तथा नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

**अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन :** छत्तीसगढ़ की आदिवासी सांस्कृतिक विरासत का केंद्र रहा अम्बिकापुर का रेलवे स्टेशन देश की जीवनरेखा भारतीय रेल का एक अभिन्न अंग है। इस रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यात्रियों को पूरी तरह से सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इस नए स्टेशन भवन में कई नए प्रावधान भी किए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में 6 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से उन्नयन तथा आधुनिकीकरण के कार्य किए गये हैं, जिसमें सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुए रोड का चौड़ीकरण, यात्रियों के स्वागत के लिए सुसज्जित प्रवेशद्वार, 3900 वर्गमीटर सड़क, 3677 वर्गमीटर पर दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था भी की गई है।




### छत्तीसगढ़ के 27 रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट का काम जारी

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तहत महिलाओं के लिए अलग वेटिंग एरिया और दिव्यांगों के लिए रैंप जैसी सुविधाएं दी गई हैं। राज्य के कुल 32 रेलवे स्टेशनों का चयन इस योजना के तहत किया गया है, जिन पर कुल अनुमानित लागत 1680 करोड़ है। इसमें से 5 पर काम पूरा हो चुका है, जिनका पीएम मोदी ने उद्घाटन किया। अंबिकापुर में इसे लेकर कार्यक्रम हुआ। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मौजूद रहे। वहीं रायपुर के उरकुरा में राज्यपाल रमेन डेका, भिलाई में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, भानुप्रतापपुर में डिप्टी सीएम अरुण साव, डोंगरगढ़ में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय की मौजूदगी में उद्घाटन हुआ।

### अमृत स्टेशनों में दिखेगी विकसित भारत की झलक : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि सम्माननीय लरंग साय जी के प्रयासों के कारण ही अम्बिकापुर में रेलवे स्टेशन की स्थापना हुई है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानते हुए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाना है। अमृत काल के तहत रेलवे स्टेशन का लगातार विकास किया जा रहा है। आज प्रदेश के जिन पांच स्थानों का लोकार्पण हुआ है, वह विकसित हो रहे भारत की झलक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जशपुर जिले को भी रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्तमंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद श्री चिंतामणि महाराज, विधायक श्री राजेश अग्रवाल, श्रीमती शकुंतला पोर्ते, श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, श्री राम कुमार टोप्पो, श्री प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर श्री मंजूषा भगत मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सरगुजा अंचल के नागरिक शामिल हुए।

# अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक, अब सिर्फ पीओके के बारे में ही बात होगी : मोदी

**बीकानेर (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का रुद्र रुप एवं नया स्वरुप बताते हुए कहा है कि हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया हैं और जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं एवं अपने प्रण पर खरे उतरे हैं तथा अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी तो सिर्फ पीओके के बारे में ही होगी।

श्री मोदी गुरुवार को यहां पलाना में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। अब भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प हैं कि दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प से नहीं डिगा सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब भारत का कोना कोना मजबूत होगा। आज का यह कार्यक्रम भारत के तेज विकास का उदाहरण हैं।



उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था, पहलगाम में गोलिया चली थी उन गोलियों में 140 देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे और कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिसतना को घूटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतकवाद के नौ सबसे बड़े ठिकानों को तबाह कर दिया। दुनिया ने यह देख लिया कि जब सिंदूर बारुद बन जाता हैं तो नतीजा क्या होता हैं। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयर स्ट्राइक की थी तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी। वीर भूमि का ही यह सब है ऐसा संयोग बन जाता है। अब आपॅरेशन सिंदूर हुआ उसके बाद पहली जनसभा वीर भूमि राजस्थान की सीमा पर बीकानेर में हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चुरु में कहा था सौंगंध इस मिट्टी की, मै देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झूकने दूंगा, आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हू कि देश के कोने कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया हैं।

### विकसित भारत बनाने के लिए आज देश में चल रहा बहुत बड़ा महायज्ञ : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज मैं करणी माता से आशीर्वाद लेकर आपके बीच आया हूं। उनकी कृपा से विकसित भारत बनाने का हमारा संकल्प और भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए आज देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है। हमारे देश की सड़कें, एयरपोर्ट, रेल और रेलवे स्टेशन आधुनिक हो, इसके लिए पिछले 11 साल में अभूतपूर्व गति से काम किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के इन कामों पर देश पहले जितना पैसा खर्च करता था, आज उससे 6 गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है।

## फर्स्ट कालम

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बल व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### बांके बिहारी कॉरिडोर केस फिर सुप्रीम कोर्ट सुनेगा

**मथुरा।** बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर मंदिर के पुजारी देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने रिव्यू पिटिशन दाखिल की है। जज अब पिटिशन को सुनने पर सहमत हो गई है। उनके वकील सीनियर एडवोकेट अमित आनंद तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह के सामने कहा- मंदिर के फंड को उपयोग करके 5 एकड़ जमीन अधिगृहीत करने के फैसले में हमारा पक्ष नहीं सुना गया इसलिए यह निर्णय एकपक्षीय है।

### वाराणसी में एटीएस ने पाकिस्तानी जासूस पकड़ा

**वाराणसी।** यूपी एटीएस ने गुरुवार को वाराणसी से पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद तुफैल को गिरफ्तार किया। वह पाकिस्तानी सेना के एक अफसर की पत्नी से 4 महीने तक संपर्क में रहा। तुफैल वाराणसी में नवापुरा, आदमपुरा का रहने वाला है। छानबीन में सामने आया है कि तुफैल ने पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर किए थे।

### अमेरिका के सैन डिएगो में छोटा पैसेंजर प्लेन क्रैश

**सैन डिएगो।** अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे की वजह से करीब 15 घरों में आग लग गई। हादसे वाली जगह को खाली करा लिया गया है। फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फ्यूल फैल गया है।

# वक्फ कानून पर अंतरिम आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रखा फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिन की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना अंतरिम फैसला सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तीन दिन सभी संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी की अगुवाई में याचिकाकर्ताओं की ओर से अंतरिम राहत की गुहार लगायी गयी जबकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केन्द्र सरकार का पक्ष रखते हुए संशोधित कानून को सही ठहराया।



सुनवाई के दौरान श्री सिब्बल और श्री सिंघवी ने विभिन्न दलीलों के माध्यम से नये प्रावधानों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्वरूप में यह कानून मौलिक धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

श्री सिब्बल ने कहा कि नये कानून के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिमों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रकार के प्रावधान से वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन का अधिकार कमजोर हो गया है। परिषद में 11 में से सात सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकते हैं।

संसद ने बने कानून की संवैधानिकता की धारणा पर मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी का जवाब देते हुए अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि अगर कानून पर रोक नहीं

### मोदी जी खोखले भाषण देना बंद कीजिए, आपका खून सिर्फ कैमरे के सामने क्यों गरम होता है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी से 3 सवाल किए हैं। जो आतंकवाद, पाकिस्तान के बयान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के दावे पर हैं। राहुल ने एक्स पोस्ट में पूछे सवालों के साथ पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की वीडियो क्लिप भी अपनी जोड़ी है। इसमें पीएम मोदी कहते सुनाई दे रहे हैं- पाकिस्तान की तरफ से जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा। तो भारत ने भी उस पर विचार किया। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा- मोदी जी खोखले भाषण देना बंद कर दीजिए। सिर्फ इतना बताइए,आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया। आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है।



# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं, कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।




नीदरलैंड की यात्रा पर गये श्री जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिये साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा , इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीयमुद्दा है। विदेश मंत्री ने कहा , जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1947 में पाकिस्तान के भारत से अलग होने पर यह भारत में शामिल हो गया। हमारा रुख यह है कि अवैध रूप से कब्जा करने वालों को अवैध कब्जे वाले हिस्सों को सही मालिक को वापस करना चाहिए, और सही मालिक भारत है। विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादियों ने इस हमले से जम्मू-कश्मीर में जीवंत पर्यटन उद्योग को निशाना बनाया। आतंकवादी और उनके समर्थक अपने बहुत सीमित और स्वार्थी उद्देश्यों के लिए कश्मीर में चीजों को नष्ट करने पर तुले हैं।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-ईडी ने सारी हदें पार कीं, तमिलनाडु शराब घोटाला मामले में ईडी की जांच भी रोकी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु शराब दुकान लाइसेंस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सारी हदें पार कर दी हैं। जब राज्य सरकार की जांच एजेंसी इस मामले में कार्रवाई कर रही है तो ईडी को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, श्वष्ठ देश के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। कोर्ट ने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन और तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। TASMAC पर शराब दुकान के लाइसेंस बांटने में करप्शन और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं।

### हाईकोर्ट में 27 बार सुनवाई टली, सुप्रीम कोर्ट से जमानत, इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की ओर से एक व्यक्ति की जमानत याचिका 27 बार टाले जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नाराजगी जताई। यह मामला ठगी केस से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन माना और आरोपी लक्ष्य तंवर को जमानत दे दी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बी.आर. गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा- जब किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल हो और वह चार साल से जेल में हो, तो कोर्ट को याचिका लटकाकर नहीं रखनी चाहिए।

# यूपी में आंधी-बारिश से 58 की मौत, महिला की गर्दन कटी, 31 राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली (ए)।** मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है।



उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 28 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में दो दिन में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने और अन्य हादसों में 58 लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने मुताबिक, आज 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में स्पष्ट के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए।

### पूर्व राज्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट 5 अन्य लोगों के भी नाम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 5 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है।



## सम्मान

### शौर्य चक्र-कीर्ति चक्र देने डाइस से उतरीं राष्ट्रपति मुर्मू, शहीदों की मांओं को गले लगाया

# राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों के रणबांकुरों को 6 कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र प्रदान किए

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवॉर्ड्स दिए। ये अवॉर्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए। राष्ट्रपतिभवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवॉर्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है।इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, AEO INS विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।



# अब नीट-पीजी में मेडिकल संस्थानों को फीस डिटेल्स देनी होगी, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली (ए)।** नीट-पीजी की काउंसलिंग से पहले अब सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश गुरुवार को नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉक करने पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। साथ ही कहा कि अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए। नीट-पीजी 2024 परीक्षा के एस्पिरेंट्स ने सितंबर 2024 में परीक्षा में पारदर्शिता के लिए याचिकाएं दायर की थीं। स्टूडेंट्स की मांग थी कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी NBEMS एग्जाम के क्वेश्चन पेपर और स्टूडेंट्स की आंसर भी जारी करे।



## न्यूज ब्रीफ

### सुशासन तिहार से मंगल सिंह को मिला श्रवण यंत्र



**कवर्धा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत पण्डरिया विकासखंड के ग्राम सारपानी निवासी मंगल सिंह द्वारा श्रवण यंत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने सुशासन तिहार के अंतर्गत उक्त आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। 21 मई 2025 को श्री मंगल सिंह को उनका श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। यह कार्यवाही समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल की गई, जिससे श्री मंगल सिंह को उनकी सुनने की समस्या का समाधान मिल सका और वे अपनी जीवनशैली में सुधार महसूस कर सकेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस प्रकार की त्वरित कार्यवाही मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है, जिसके तहत विशेष रूप से गरीब, वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभाग द्वारा इस प्रकार की योजनाओं का निरंतर संचालन किया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।

### कन्या विवाह के लिए देवादा सरपंच ने की आर्थिक सहायता



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने अपने गांव के संतोष यादव की दोनों सुपुत्री तामेश्वरी एवं नित्या यादव की विवाह के लिए 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की एवं बेटियों को उनके सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान की। श्रीमती वर्मा सरपंच निर्वाचित होने के बाद से गांव के अनेक जरूरत मंद परिवार को मांगलिक एवं शोक कार्यक्रम में आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ साथ उनके सुख दुख में शामिल हो रही है।

### नगर पालिका दल्लीराजहरा एंव ग्राम सांकरा क में आज किया जाएगा 'समाधान शिविर' का आयोजन

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार, 23 मई 2025 को नगर पालिका दल्लीराजरा के बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा क के धान खरीदी केन्द्र के समीप 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर पालिका दल्लीराजहरा के समाधान शिविर में नगर पालिका दल्लीराजहरा के समस्त वार्डवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा क में ग्राम मुजगहन, जगतरा, जामगांव बी. करहीभदर, कन्नेवाड़ा, परेंगुड़ा, सांकरा क. जमरूवा, देवारभाट, मटिया बी, मुल्लेगुड़ा, मालगांव, नर्रा, बरही, चिरईगोड़ी, हथौद के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा वर्ष 2025-26 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, आईटीआई, पालिटेक्निक, कृषि, उद्यानिकी, फॉमेसी एवं अन्य संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन आमंत्रित की गई है।

# खतरनाक स्थलों पर नहीं करेंगे सुरक्षा तो खर्चे एवं मुआवजे की होगी वसूली

### कलेक्टर ने जिले की खदानों में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** जिले में पूर्व में संचालित रही लेकिन अब परित्यक्त खदानों तथा वर्तमान में चालू खदानों में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव के चलते आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। आम जनता, जनप्रतिनिधियों एवं समाचार माध्यमों के माध्यम से लगातार ऐसी शिकायतें जिला प्रशासन को प्राप्त हो रही हैं। खदानों में पानी भर जाने से बड़े-बड़े गहरे तालाब बन जाते हैं, जिनमें लोगों एवं मवेशियों के डूबने से मृत्यु की घटनाएं भी हो जाती है।

जिला प्रशासन द्वारा ऐसी दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को आपदा राहत अंतर्गत आरबीसी-6-4 के तहत मुआवजा राशि दी जाती है। इसके अलावा कई खदान क्षेत्रों में वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका भी बनी रहती है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने खनन कार्य संचालित करने वाले सभी पट्टेदारों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसमें खदानों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु खदानों के चारों तरफ फेसिंग/बाड़ निर्माण करें ताकि कोई भी व्यक्ति या पशु दुर्घटनाग्रस्त न हो सके। उत्खनन पट्टा अनुबंध की शर्तों के अनुसार पट्टेदार समस्त गड्ढों तथा खदानों को अच्छी तरह से तथा पर्याप्त रूप से सुरक्षित रखेगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्ग, धमधा, पाटन एवं भिलाई-3 के अनुविभागीय अधिकारी(रा.) को पत्र जारी कर अवगत कराया है कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम-2015 के तहत उत्खन्न योजना एवं जारी पर्यावरण स्वीकृति के शर्तों के अनुसार पर्याप्त सुरक्षा के उपाय हेतु खदानों के चारों ओर 7.5 मीटर पट्टी/बैरियर रखते हुए वृक्षारोपण किया जाना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम-2015 के उप नियम 24 के तहत उत्खनन योजना एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बेंचेस (खाईनुमा रहित) का निर्माण कराया जाए। स्वीकृत उत्खनन योजना में माईनिंग क्लोजर प्लान के तहत सुरक्षा मानक का ध्यान में रखकर खनन संक्रिया/आवश्यकतानुसार बेकफिलिंग/जल संग्रहण क्षेत्र का विकास करना होगा। जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के तहत सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का ध्यान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 152 से 163 तक की ओर भी आकृष्ट किया है, जो जनसुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने हेतु बनाए गए हैं। धारा 152 की उपधारा (ङ) के अनुसार जहां ऐसे किसी मार्ग या लोक स्थान के पार्श्वस्थ किसी तालाब, कुएं या उत्खात को इस प्रकार बाड़ लगा दी जानी चाहिए कि जनता को होने वाले खतरे का निवारण हो सके ऐसी परिस्थिति में उपखण्ड मजिस्ट्रेट ऐसे तालाब या उत्खनन पर कब्जा रखने वाले व्यक्ति से बाड़ लगाने की अपेक्षा करते हुए सशर्त आदेश समय-सीमा तय करते हुए दे सकता है।

# प्रदर्शन के बाद जिला पंचायत सीईओ के साथ बैठक, जल्द मानव दिवस बढ़ाने व मनरेगा कार्य स्वीकृत करने हुई चर्चा



समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** बीते 16 मई को मनरेगा में कार्य दिवस बढ़ाने को लेकर जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रोरेट परिषर में मनरेगा मजदूर व कांग्रेसियों के जमकर प्रदर्शन के बाद बुधवार को जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ बजरंग दुबे के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर का मनरेगा कार्यदिवस को लेकर जिलापंचायत कार्यालय में बैठक आहूत किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मनरेगा मजदूरों का पक्ष रखते हुवे मांग किया कि दुर्ग जिला मनरेगा में लक्ष्य बढ़ाकर 42 लाख मानव सृजन दिवस किया जाए व तुरंत नए कार्य स्वीकृत किया जावे । श्री ठाकुर के मांग पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने मनरेगा के कार्य को पीएम आवास के तहत आगे बढ़ाने और लक्ष्य18 लाख मानव दिवस से 42 लाख मानव दिवस बढ़ाने तथा मनरेगा के तहत नए कार्य स्वीकृत करने शासन स्तर पर चर्चा होना तथा जल्द ही इस पर निर्णय होना बताया गया। इस पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि मजदूरों की मनरेगा की कटौती जल्द ही समाप्त कर मानव दिवस नहीं बढ़ाया गया तो जिला कांग्रेस दुर्ग मजदूरों, किसानों व ग्रामीणों के साथ और बड़ा आंदोलन करेगी।

# किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना जरूरी है: भावना बोहरा

### पण्डरिया विधायक भावना बोहरा के अथक प्रयासों से 5 हजार 333 गन्ना उत्पादक किसानों के खाते में 20.27 करोड़ रूपए का भुगतान

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** पण्डरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए आज का दिन राहत और खुशी भरा रहा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया द्वारा कुल 20.27 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को किया गया। यह भुगतान गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के तहत एफआर.पी. 315.10 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई गन्ने की राशि के रूप में जारी किया गया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप एवं मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी के सहयोग से संभव हुई, लेकिन इसके पीछे सबसे प्रमुख भूमिका पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की रही, जिन्होंने लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। किसानों को अब शेष राशि का भुगतान भी शीघ्र मिलेगी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने यह सुनिश्चित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को उनके श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने समय-समय पर शक्कर कारखाने के प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और शासन के उच्च पदाधिकारियों से संवाद कर किसानों के भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करवाया। किसानों की समस्याओं को उन्होंने मजबूती से उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान और विश्वास की पूर्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पण्डरिया क्षेत्र के प्रत्येक किसान, श्रमिक और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। भविष्य में भी क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा, ताकि खेती लाभ का सौदा बने और किसान सशक्त बन सकें। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह एक अहम कदम है, क्योंकि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

# प्रशासनिक आदेश की अनदेखी कर रहा ईंट भट्ठा संचालक दिनदहाड़े बेच रहा जब्त की गई ईंट

### खनिज अधिकारी ने की कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता



**खैरागढ़।** जिले के ग्राम घिरघौली में चुम्मन जंघेल द्वारा संचालित अवैध ईंट भट्ठे पर खबर कवरेज करने गए पत्रकारों से चुम्मन जंघेल ने फोन में बदसलूकी की थी जिसके बाद आक्रोशित पत्रकारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त अवैध ईंट भट्ठे पर कार्यवाही की मांग की थी। पत्रकारों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने छुईखदान एसडीएम अविनाश ठाकुर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर उक्त अवैध ईंट भट्ठे में भेजी जिसमें खनिज अधिकारी बबलू पांडे, राजस्व निरीक्षक व शिकायतकर्ता पत्रकार उपस्थित थे।

जांच के दौरान कुछ ग्रामीणों का कहना था कि यह ईंट भट्ठा उनका है और वे अपने प्रधानमंत्री आवास के लिए ईंट बना रहे है जबकि चुम्मन जंघेल ने पत्रकारों को दिए वीडियो बाइट में साफकहा है कि ये ईंट भट्ठा उनका है आपको बता दें कि जांच में यह भी सामने आया है कि उक्त ईंट भट्ठे में 5 लाख से अधिक ईंट हैं मौके पर मौजूद अधिकारियों ने ईंट भट्ठे का निरीक्षण कर पंचनामा रिपोर्ट बनाकर ईंट जब्ती की कार्रवाई की गई और ईंट भट्ठा संचालक को साफ निर्देश दिए कि यहां से एक भी ईंट हटनी नहीं चाहिए। लेकिन ईंट भट्ठा संचालक अगले ही दिन प्रशासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते दिखाई दिए उनके द्वारा ईंट बेचने की पत्रकारों का जब सूचना मिलने पर ईंट भट्ठे से ईंट बेची जा रही है तो पत्रकारों ने तत्काल मामले की जानकारी एसडीएम छुईखदान को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे खनिज अधिकारी बबलू पांडे व ग्राम कोतवाल ने उक्त ईंट भट्ठे से ईंट का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त कर गंडई थाना के सुपुर्द कर और बिना जांच पूरी हुए ईंट बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# लगातार बिजली गुल होने व फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी के चलते शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था हुआ प्रभावित

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** विगत कुछ दिनों से अचानक हो रही बारिश व आंधी तूफान के कारण फिल्टर प्लांट व शिवनाथ नदी इंटकवेल के आसपास बिजली सप्लाई बंद होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही हैं वही आज 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में 110 एचपी का एक मोटर पंप खराब होने से फिर पानी सप्लाई आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रहा है हालांकि विभागीय कर्मचारियों द्वारा मोटर में आई खराबी को ठीक करने तत्परता से लगे हुए फिर भी सुचारू रूप से पानी सप्लाई सामान्य होने में एक दो दिन का समय लगेगा इसके लिए नगर निगम प्रशासन ने खेद व्यक्त किया है और प्रभावित क्षेत्र में टैंकरो के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। विगत दो तीन दिनों में आकस्मात आने वाले आंधी तूफान व और पेड़ गिरने के कारण लाइट बंद हो जा रहे हैं इस कारण रायपुर नाका स्थित 24 व 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जल शुद्धिकरण कार्य व टंकिया भरने का कार्य सुचारू रूप से नही हो पा रहा है वही आज 24 एमएलडी प्लांट में अचानक हुई मोटर खराबी से फिर पानी सप्लाई प्रभावित होगी हालांकि विभागीय कर्मचारियों द्वारा तत्परता से रिपेयर कार्य शुरू किया गया है किंतु फिर भी पर्याप्त प्रेशर से टंकिया नही भर पाई है इस वजह से शनिचरी बाजार,शक्ति नगर,हनुमान नगर,शंकर नगर,पदमनाभपुर ट्रांसपोर्ट नगर, शिक्षक नगर, स्थित टंकिया समय पर व पर्याप्त मात्रा में नही भर पाएंगी और शाम की पाली में प्रेशर से नल नही चल पाएगा पानी सप्लाई की सामान्य स्थिति शुक्रवार 23 मई तक ही हो पाएगा।

# डेंगू दिवस: जनजागरूकता अभियान, प्रतियोगिताएं और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद, मॉडल एवं चित्रकला प्रतियोगिता, शैक्षिक कार्यशाला, जन-जागरूकता रैली तथा आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य डेंगू की पहचान, रोकथाम एवं निदान के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। इस वर्ष की थीम जांचें, साफ करें, ढंकें डेंगू को हराने के उपाय रही, जिसमें मच्छरों के प्रजनन रोकथाम पर विशेष बल दिया गया।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज के मार्गदर्शन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सीएमएचओ कार्यालय परिसर में नीम, लेमनग्रास, करंज, अजवाइन जैसे मच्छर-रोधी आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया गया। डॉ. राज ने नागरिकों से अपील की कि ऐसे पौधे घरों में भी लगाएं। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में डेंगू के कारण, लक्षण, जीवन चक्र, रोकथाम, जांच एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। डेंगू की रोकथाम के लिए 'ड्राय डे' मनाने, पानी के स्रोतों को ढंकने, कूलर व टंकी की नियमित सफाई, मच्छरदानी उपयोग जैसे उपायों पर बल दिया गया।

प्रतिभागियों से डेंगू के प्रकार, जांच और मच्छरों के जीवनचक्र जैसे विषयों पर प्रश्नोत्तर भी हुए। वाद-विवाद प्रतियोगिता में क्या डेंगू की रोकथाम में जनजागरूकता, सरकारी प्रयासों से अधिक प्रभावी है विषय पर प्रतिभागियों ने पक्ष-विपक्ष में विचार रखे। चित्रकला एवं मॉडल प्रतियोगिता में छात्रों ने मच्छर जनित रोगों की रोकथाम विषय पर रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दीं। वार्ड स्तर पर निकाली गई जन-जागरूकता रैली में बच्चों ने हर रविवार, मच्छरों पर वार एवं रुका पानी डेंगू की निशानी जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वाद-विवाद में निशा झारिया प्रथम, ईशिका द्वितीय व केसर तृतीय रहीं। मॉडल प्रतियोगिता में देविका विलम प्रथम, रिया वानखड़े द्वितीय व दामिनी तृतीय रहीं। चित्रकला में सोमेश ने प्रथम एवं दामिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. राज ने नागरिकों से अपील की कि वे जांचें, साफ करें, ढंकें सिद्धांत को अपनाकर डेंगू की रोकथाम में भागीदार बनें।

# राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित 4 खिलाड़ियों में दुर्ग जिले के 3 खिलाड़ी

### अंडर 13 बालक वर्ग में शिल्प विजेता अभिनव सिंह उपविजेता बने,बालिका वर्ग में इशिका दूसरे स्थान पर

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से बेमेतरा में दिनांक 17 से 19 मई तक आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के शतरंज खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित अंडर 13 की फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप में 24 अंतराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ियों सहित कुल 126 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विधायक दीपेश साहू महासचिव विनोद राठी एवं विनीत राजोरिया ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्पर्धा में 8 चक्र मैच खेले गए जिसमें अंडर 13 बालक वर्ग में दुर्ग जिले के उदीयमान खिलाड़ी शिल्प कुमार घोड़ेसवार, रिसाली ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 में से 7 अंक अर्जित करते हुए चैंपियनशिप के विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर जिले के अभिनव सिंह कोहका ने 7 अंक अर्जित कर उपविजेता बने । अंडर 13 बालिका वर्ग में जिले की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी इशिका मड़के , भिलाई ने 6 अंक प्राप्त कर उपविजेता बनी। अंडर 13 बालक एवं बालिका वर्ग में राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन किया जाना था जिसमें 4 खिलाड़ियों में 3 खिलाड़ी दुर्ग जिले के है। ये सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर 7 के बालक वर्ग में जिले के नवोदित खिलाड़ी पारस यादव विजेता विराज बने उपविजेता अंडर 11 बालक वर्ग में विराट अय्यर दूसरे स्थान पर। छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप अंडर 7,9 एवं अंडर 11 जो कि 15 एवं 16 मई को एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा मे संपन्न अंडर 7 बालक वर्ग में दुर्ग जिले के नवोदित शतरंज खिलाड़ी पारस यादव, भिलाई ने 6 में से 5.5 अंक प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। जिले के ही विराज वर्मा, भिलाई ने 5 अंक प्राप्त कर उपविजेता बने । ये दोनों खिलाड़ी अंडर 7 में चयनित होकर राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर 11 के बालक वर्ग में जिले के ही उभरते खिलाड़ी वी विराट अय्यर/ के बी सी जूनियर फेम, भिलाई/ ने 6 में से 5.5 अंक हासिल कर उपविजेता बने। इनका भी चयन अंडर 11 बालक वर्ग में राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ । छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के अंडर 7,,11 एवं अंडर 13 में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुए। दुर्ग जिले के सभी चयनित खिलाड़ियों को जिला शतरंज संघ दुर्ग के संरक्षक प्रवीण भाई आडतिया, डॉ राहुल गुलाटी, डॉ मानसी गुलाटी, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, डॉ रौनक जमाल, राजेश राजा, अशोक राठी, प्रहलाद रुंगटा, चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, अंतरास्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नलोडे,अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल, अनिल शर्मा, जयंता दास, गुलाब चौहान, त्रिलोक सोनी ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हमर अस्पताल आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 'सियान जतन' कार्यक्रम का सफल आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को ''सियान जतन'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 21 मई 2025 को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान पेंशनर क्लब एसोसिएशन एवं सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इस विशेष शिविर में 21 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाए गए, वहीं 97 वरिष्ठ नागरिकों का बीपी, 49 का शुगर, 33 का हीमोग्लोबिन, 4 का मोतियाबिंद, 17 का ईएनटी (नाक, कान, गला), तथा 6 व्यक्तियों का गठिया एवं जोड़ संबंधी जांच किया गया। साथ ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

हमर अस्पताल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। यहां किसी भी जांच अथवा पर्ची हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता। अस्पताल में सामान्य रोगों का उपचार प्रथम पाली में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में शाम 5:00 बजे से रात 7:00 बजे तक किया जाता है। दोनों पालियों में प्रतिदिन औसतन 120 से अधिक मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज ने बताया कि ''सियान जतन'' जैसे कार्यक्रमों से हितग्राहियों में विश्वास एवं उत्साह बढ़ता है, जिससे वे शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा पाते हैं। इस पहल से बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा रही है। सियान जतन कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के समर्पित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निःस्वार्थ सेवा का परिचय देते हुए सभी हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कीं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### डीजीपी ने रद्द की शनिवार की छुट्टी पीएचक्यू में अब हफ्तेभर काम अनिवार्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय में अब हर शनिवार को भी कामकाज होगा। राज्य के पुलिस महानिदेशक ने विभाग के कार्यों में तेजी लाने और लंबित फाइलों के निपटारे के लिए शनिवार की छुट्टी को अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया है। इस आदेश के तहत अब सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, शाखा प्रभारी और यूएआईजी रैंक के अधिकारी हर शनिवार नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। आदेश अतिरिक्त डीजीपी (प्रशासन) द्वारा जारी किया गया है, जिसमें डीजीपी के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अब सभी एडीजी को अपनी-अपनी शाखाओं में हर शनिवार अनिवार्य रूप से मौजूद रहना होगा। इसी तरह अन्य शाखा प्रभारी और एआईजी स्तर के अधिकारियों को भी कार्य दिवस के रूप में शनिवार को दफ्तर में उपस्थित रहना होगा।

### यूनिवर्सिटी ने पीएचडी छात्र को हॉस्टल से निकाला

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में हो रही गड़बड़ी के खिलाफसोशल मीडिया पर पोस्ट लिखने वाले पीएचडी छात्र सुजीत सुमेर को यूनिवर्सिटी ने हॉस्टल से निष्कासित कर दिया है। जिसके बाद IGKV कुलपति कार्यालय के बाहर बिस्तर लेकर पहुंचे छात्र ने न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया । वहीं, हॉस्टल से पीएचडी स्कॉलर को हटाए जाने के विरोध में हस्ढ्ढ के कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासनिक कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय में कृषि मौसम विज्ञान विभाग से पीएचडी कर रहे छात्र सुजीत सुमेर ने बताया कि उन्होंने विश्वविद्यालय में हो रही गड़बड़ी और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई, तो हॉस्टल से बाहर करने का आदेश जारी कर दिया गया। सुजीत ने कहा कि अगर कोई दलित छात्र पढ़ने लिखने में ज्यादा आगे बढ़ जाता है और कला साहित्य में आगे उन्नति करने लगता है तो विश्वविद्यालय के लोगों को यह अच्छा नहीं लगता। यूनिवर्सिटी में दलित को कुचलने की मानसिकता हावी है।

### छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज क्षेत्रीय समिति महादेव घाट रायपुरा, रायपुर में निर्णय एवं सहमति की बैठक में कार्यकारिणी पदाधिकारियों से निषाद समाज श्री राम जानकी मंदिर महादेव घाट में रविवार 18 मई को आयोजित की गई। प्रातः 11 बजे से ईस्ट देव भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज गुहा निषाद राज की पूजा अर्चना के साथ सम्मेलन प्रारंभ हुआ। दोपहर 2 बजे से भोजन अवकाश उपरांत अन्य सामाजिक विवादों का निराकरण एवं अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा व निर्णय हुआ। इस एक दिवसीय सम्मेलन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दानसिंग निषाद, छ.ग. निषाद (केंवट) समाज पूर्व प्रदेश महासचिव एवं विशिष्ट अतिथि श्री बालाराम निषाद अध्यक्ष, श्री रामप्यारे निषाद महासचिव उपस्थित थे। अध्यक्ष त्रिलोचन निषाद, महानगर पूर्व अध्यक्ष नरेश निषाद, महानगर अध्यक्ष बसंत निषाद, पुनारद निषाद, मुकेश निषाद, कुशल प्रसाद निषाद, मीना निषाद उपस्थित थे। इस सम्मेलन में रायपुरा, अमलेश्वर, मगरछटा, खुड़मुड़ा, जमराव, उफरा खेली, मुडरा, कांदुल, काठाडीह, डोमा, कोलट, जुलूम, बकतरा, घुसेरा, भटगाँव, रीको, टेमरी, फुंढ़हर, जोरा, लभांडी, कचना, पिरदा, सड्डू, धनेली, संकरी, रामकुण्ड के सामाजिक जन संयुक्त रूप से वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित हुए।

### रायपुर के प्राइवेट अस्पताल को नोटिस, 20,000 का जुर्माना भी

**रायपुर।** रायपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल का लाइसेंस रद्द करने के लिए कलेक्टर ने नोटिस जारी किया है। हॉस्पिटल पर यह कार्रवाई भारती देवी खेमानी की मौत से जुड़े मामले में की गई है। जिनकी मौत सितंबर 2024 में एयर एम्बुलेंस से ले जाने के दौरान हो गई थी। कलेक्टर ने इस मामले में हॉस्पिटल पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले कार्रवाई नहीं होने पर बेटा सोशल मीडिया पर विरोध में लगातार वीडियो भी बनाकर डाल रहा था। उनका आरोप था कि, हॉस्पिटल प्रबंधन की लापरवाही से भारती देवी की मौत हुई है। 12 सितंबर 2024 को मौत के बाद परिजनों ने कुछ वीडियो भी जारी किए। साथ ही कई प्रदर्शन और मंत्रियों तक भी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इसके बाद इस मामले को उच्च स्तरीय जांच समिति को सौंपा गया था।

# नए भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था की रीढ़ है रेलवे : राज्यपाल

### राजधानी के पुनःविकसित उरकुरा रेलवे स्टेशन का हुआ लोकार्पण, राज्यपाल रमेन डेका उरकुरा स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजधानी के पुनर्विकसित उरकुरा रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण किया। उन्होंने उरकुरा स्टेशन सहित छत्तीसगढ़ के चार अन्य स्टेशनों - अंबिकापुर, भिलाई, भानुप्रतापपुर और डोंगरगढ़ का भी लोकार्पण किया।

आज आयोजित इस लोकार्पण समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, कैबिनेट एवं रायपुर के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, पुरंदर मिश्रा, द.पू.म.रे. के जीएम तरुण प्रसाद, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, डी.आर.एम रायपुर दयानंद, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। इस अवसर पर उरकुरा के रेलवे स्टेशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने 9 करोड़ 40 लाख की लागत से पुनःर्विकसित उरकुरा स्टेशन का विधिवत लोकार्पण किया। स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक डिजाइन और सांस्कृतिक वातावरण के साथ यात्रियों के लिए विशेष अनुभव के रूप में तैयार किया गया है। श्री डेका ने कहा कि इन स्टेशनों के विकसित होने से छत्तीसगढ़ में पर्यटन, व्यापार और सांस्कृतिक समन्वय को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। विशेष रूप से जनजातीय, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए रेलवे एक विकास की मजबूत कड़ी बनकर उभरेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री और भारतीय रेलवे का छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार प्रकट किया और विश्वास व्यक्त किया कि अमृत भारत स्टेशन सामाजिक, आर्थिक प्रगति में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि आज हम सभी देशभर के 103 अमृत भारत स्टेशनों के लोकार्पण के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के कुल 32 स्टेशनों का चयन किया गया है, जिनमें से 5 स्टेशनों का लोकार्पण आज संपन्न हो रहा है। यह प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि राज्य के रजत जयंती वर्ष में यह सौगात मिलना हमारे लिए विशेष उपलब्धि है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को यह सम्मान प्रदान किया। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आज देशभर के 103 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण में छत्तीसगढ़ के 5 स्टेशन डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि फ़िलहाल 5 स्टेशनों का लोकार्पण हो रहा है, और आने वाले समय में रायपुर रेलवे स्टेशन जब पूर्ण रूप से विकसित होकर तैयार होगा, तो वह सुविधाओं और भव्यता में एयरपोर्ट से भी बेहतर होगा। आज के दौर में रेलवे देश की जीवन-रेखा बन चुकी है। करोड़ों यात्रियों की रोजमर्रा की यात्रा हो या देश की रक्षा व्यवस्था, रेलवे एक अहम भूमिका निभा रही है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियानों में भी सेना के आवागमन का प्रमुख माध्यम रेलवे ही है। 168 वर्गमीटर में नया स्टेशन भवन, जिसमें बुकिंग कार्यालय और पोर्च शामिल हैं, 3600 वर्गमीटर में नया सर्कुलेटिंग एरिया, दोनों ओर फुटपाथ के साथ, 2000 वर्गमीटर में ग्रेनाइट और पेवर ब्लॉक से निर्मित प्लेटफॉर्म सतह, 10 नए प्लेटफॉर्म शेड, जो यात्रियों को मौसम से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

#### 9 करोड़ 40 लाख की लागत से पुनः निर्मित उरकुरा स्टेशन की विशेषताएं

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उरकुरा स्टेशन को ए-1 कैटेगरी की सुविधाओं से लैस किया गया है, जो यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेगा। इसे 9 करोड़ 40 लाख रूपये से पुनः विकसित किया गया है। स्टेशन की प्रमुख विशेषताएं- डिजिटल सुविधाएं, 2 सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड और 2 जीपीएस आधारित डिजिटल घड़ियां, 1 टॉवर क्लॉक और 13 उन्नत सीसीटीवी कैमरे जो रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करते हैं। इसकी दिवारों में स्थानीय परंपराओं और जनजीवन को दर्शाते चित्रकला की गई है। इसके अलावा प्रवेश द्वार, प्लेटफार्म और प्रतीक्षालयों में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की गई है। स्वच्छता और हरियाली पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिसमें पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन शामिल है। स्टेशन में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, रैम्प, टैक्टाइल पाथ, दिव्यांगजन के लिए विशेष शौचालय, जल बूथ की व्यवस्था की गई है। साथ ही दो पहिया एवं चार पहिया के लिए पार्किंग और यात्रियों की सुरक्षा हेतु हाई-रेसॉल्यूशन कैमरे और डिजिटल सूचना प्रणाली की व्यवस्था भी की गई है।

## सुशासन तिहार : तृतीय चरण में रायपुर नगर निगम द्वारा जोनवार समाधान शिविर लगाया जा रहा

### जोन 7 के तहत 23 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जीई मार्ग में समाधान शिविर

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से मांगों और शिकायतों से सम्बंधित ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में लगाए जाकर प्राप्त किये गए। द्वितीय चरण में लगभग 1 माह में प्रथम चरण में प्राप्त आम जनता की मांगों और शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समाधान करने का कार्य अत्यंत तेज गति से प्रतिदिन नियमित किया गया। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिनांक 5 मई से 31 मई के अंतर्गत समाधान शिविर लगाकर सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण आवेदकगणों को उनके आवेदन पर की गयी समाधान की कार्यवाही की जानकारी देने और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी देने का जोनवार क्रम जारी है, ताकि पात्र हितग्राहीगण केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न लाभदायी योजनाओं से सहजता और सरलता से वांछित तौर पर पूर्ण लाभान्वित हो सकें. इसके अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जोनवार क्रमवार तरीके से रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोनों में विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर समाधान शिविर आयोजित किये जाने का क्रम जारी है. इस क्रम में नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 7 के तहत दिनांक 23 मई को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जीई मार्ग, जोन 5 के तहत 26 मई को महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्वनी नगर सुन्दर नगर में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया है।

## स्थानीय उप निर्वाचन : सचिव ने उपजिला निर्वाचन अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुखनाथ अहिरवार ने अपने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की प्रथम बैठक लेकर परिचय उपरांत आयोग की सामान्य कार्य प्रणाली तथा निर्वाचन की गतिविधियों की समीक्षा की। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुखनाथ अहिरवार की अध्यक्षता में यह बैठक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवा रायपुर अटल नगर स्थित आयोग कार्यालय से संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी उप निर्वाचन 2025 के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई। सचिव श्री अहिरवार ने नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी उप निर्वाचन 2025 हेतु रिक्त पदों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के आगामी उप निर्वाचन हेतु ई व्ही एम की उपलब्धता, त्रिस्तरीय पंचायतो के आगामी उप निर्वाचन हेतु मतपेटी की उपलब्धता, मतदान केंद्रों की संख्या, मतपत्र मुद्रण हेतु कागज की उपलब्धता, अमिट स्याही की आवश्यकता तथा स्थानीय निर्वाचन कार्यालयों में रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए उन्हें शीघ्र भरे जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन से पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम, लॉजिस्टिक व्यवस्था, ईवीएम की उपलब्धता, बूथ स्तर पर व्यवस्थाएं, सुरक्षा मानक, तथा शिकायत निवारण तंत्र जैसे विषयों पर भी चर्चा किया गया। सचिव श्री अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे चुनाव संबंधी दिशा-निर्देशों एवं समयबद्ध कार्ययोजना का पूरी निष्ठा और गंभीरता से पालन करें। इस अवसर पर आयोग के उप सचिव आलोक कुमार श्रीवास्तव अवर सचिव प्रणय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## संस्था 'अवाम ए हिन्द' द्वारा नि:शुल्क भोजन का किया गया वितरण

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी की सर्वधर्म जनहित एवं सामाजिक संस्था, अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के तत्वावधान में संचालित सुपोषण अभियान अंतर्गत गरीब, असहाय, जरुरतमन्दों को निःशुल्क भोजन वितरण सेवा कार्य के सफलतापूर्वक 05 वर्ष से अधिक अर्थात 1880 दिन पूर्ण करते हुए शासकीय डी.के.एस अस्पताल में अन्य जिलों व गांव वनांचल, दूर दराज से इलाज के लिए आये मरीज के परिजनों को स्वादिष्ट भोजन के साथ मिष्ठान, शरबत एवं फलों का वितरण किया गया। संस्था द्वारा आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में रायपुर राजधानी की महापौर, श्रीमती मीनल चौबे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही, जिन्होंने संस्था का उत्साहवर्धन करने हेतु कार्यक्रम स्थल में उपस्थित होकर मरीजों के परिजनों से रूबरू होकर उनका हाल चाल पूछते हुए अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया। संस्थापक, मो. सज्जाद खान ने श्रीमती मीनल चौबे जी का पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया और बताया कि संस्था निरन्तर प्रयासों से अपने दायित्वों का निर्वहन कर गरीब असहाय, निराश्रित जरूरतमंदों को निरंतर सहायता कर निःशुल्क भोजन मुहैया कराने का कार्य बिना किसी शासकीय अनुदान प्राप्त किये पूरा किया। महापौर ने संस्थापक, मो. सज्जाद खान के नेतृत्व में मानवता के क्षेत्र में किए जा रहे इस मानवीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। आज सम्पन्न इस कार्यक्रम में संस्थापक, मो. सज्जाद खान के साथ राजेंद्र शर्मा, अनिल शुक्ल, जुबैर खान, पूनम यादव, वसीम अकरम, कुलविंदर सिंह, अरहम खान, देवानंद सिन्हा, राजकुमार साहू, प्रीति जैन, रिंकी शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने 1100 दीपों से भगवान परशुराम की महाआरती की

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** भगवान परशुराम जयंती पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के दूधाधारी सत्संग भवन में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। 1100 दीपों से हुई इस आरती का नेतृत्व आचार्य इन्दूभवानन्द महाराज ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में समाजजन, साधु-संत, महिलाएं और युवा शामिल हुए।

**धर्म और संगठनात्मक एकता का संदेश :** सभा को संबोधित करते हुए आचार्य इन्दूभवानन्द ने भगवान परशुराम के शस्त्र और शास्त्र दोनों में पारंगत होने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे धर्म रक्षक थे और गंगा पुत्र भीम, कर्ण और द्रोणाचार्य जैसे योद्धाओं के गुरु थे।

**दीपों से हुआ प्रकाशोत्सव, जयकारों से गूंजा परिसर :** कार्यक्रम के संयोजक नितिन झा ने परशुराम को विप्रों के आराध्य बताया। महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने पूजन की तैयारियों की जानकारी दी। मंच से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव डॉ. सुनील ओझा, युवा अध्यक्ष अविनय दूबे, अमृतलाल बिलथरे, दशरथ शुक्ला, योगेश शर्मा समेत कई वक्ताओं ने समाज की एकता और परशुराम विचारों की प्रासंगिकता पर विचार रखे।

**निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन :** एसके केयर हास्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें सीईओ डॉ. सुनील ओझा, डॉ. जया बाजपेई और चेयरपर्सन सीमा ओझा ने सेवा दी।

**भजनों और महाआरती से बंधा समां :** कार्यक्रम की शुरुआत भजन मंडलियों से हुई, जिनमें महिलाओं ने संगीतमयी भजनों के माध्यम से श्रद्धा का माहौल रचा। अंत में 1100 दीपों से भगवान परशुराम की महाआरती की गई और शंख-घंटा, ढोल-धमाके के साथ ÷जय जय परशुराम÷ के नारों से परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडेय, ओमप्रकाश मिश्रा, सुमन मिश्रा, राजेश दीक्षित, नीरज पांडेय, उमा तिवारी, ओपी शर्मा, वसुधा तिवारी, डा. विकास पाठक सहित बिलासपुर, बेमेतरा, भिलाई, खरोरा, रायपुर से ब्राह्मण समाज के प्रमुख प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।

# रायपुर में कांग्रेस ने 'संविधान बचाओ यात्रा' निकाली

### डहरिया बोले-देश में शासन-प्रशासन संविधान से नहीं चल रहा,विपक्ष की आवाज दबाने भाजपा कर रही एजेंसियों का इस्तेमाल

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 'संविधान बचाओ यात्रा' निकाल रही है। गुरुवार को रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी मैदान से अंबेडकर चौक तक 'संविधान बचाओ यात्रा' निकाली। इस यात्रा में पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डॉ. शिव डहरिया ने कहा कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी कर रही हैं। शासन-प्रशासन संविधान के हिसाब से नहीं चल रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अनुसूचित जातियों, आदिवासियों और महिलाओं के अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है। इसके अलावा, विपक्षी दलों की आवाज को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसलिए संविधान की रक्षा के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी पूरे देश के हर ज़िले और ब्लॉक स्तर पर इस तरह की 'संविधान बचाओ यात्रा' आयोजित कर रही है।

#### संविधान की रक्षा के लिए हमेशा काम करेंगे

शिव डहरिया ने कहा कि इस देश का संविधान जो सर्वोच्च है। उसकी रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी हमेशा काम करेगी। देश को आजाद करने वाली पार्टी कांग्रेस पार्टी है। लेकिन प्रदेश और केन्द्र में सांप्रदायिक पार्टी जो जाति धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने देश का नवनिर्माण किया है। भाजपा धोखे से सरकार में आ गई है। ये देश और जनता का शोषण कर रहे हैं। उन्हें हम ऐसा करने नहीं देंगे। प्रजातंत्र की रक्षा और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी तरह से काम करेगी।

**इसलिए निकाल रहे कांग्रेसी संविधान यात्रा :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज इसे लेकर कहते हैं- केंद्र की अधिनायकवादी मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। देश के संसाधनों पर अपने पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार बनाने लगातार जनविरोधी निर्णय थोपे जा रहे हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेसजन हर स्तर पर लड़ाई लड़ रहे है।

जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू-टर्न नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत है। सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है। बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है, जो भाजपा के नेता जातिगत जनगणना की मांग को देश तोड़ने की साजिश बताते थे, संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे, वे अब मोदी का मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में 'संविधान बचाओ यात्रा' निकाल कर रही है।

## खेलो इंडिया एकेडमी में सुकमा की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ी चयनित

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी रायपुर में खेलो इंडिया एकेडमी सुकमा की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन होने पर बधाई दी है। यह चयन जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए गौरव का विषय है और खेल क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं को मजबूती प्रदान करता है।

चयनित खिलाड़ियों में किच्चे ललिता (पोलमपल्ली), माड़वी पूजा (चिंतागुफा), संध्या नाग (कोकावाड़ा), शारदा प्रधानी (चिपुरपाल), लक्ष्मी सोढ़ी (करिगुण्डम, चिंतागुफा), सोढ़ी कोईन्दे (चिंतागुफा), माही कुंजाम (कोर्रा) और किच्चे लक्ष्मी (पोलमपल्ली) का नाम शामिल है। ये सभी खिलाड़ी सुकमा जिले की दूरस्थ क्षेत्रों से आकर अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर इस मुकाम तक पहुँची हैं।

खेल अधिकारी वीरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि रायपुर स्थित इस आवासीय खेल अकादमी में खिलाड़ियों को न केवल गहन खेल प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार, खेल परिधान, आवश्यक सामग्री और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा। यह सुविधा पूर्णतः आवासीय होगी, जिससे खिलाड़ी एक अनुशासित और समर्पित वातावरण में शिक्षा व खेल दोनों में आगे बढ़ सकें। खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल्स अप्रैल 2025 में रायपुर में आयोजित किए गए थे। यह उपलब्धि सुकमा जिले के लिए न केवल गर्व की बात है, बल्कि जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करने वाली है।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### बेनकाब होगा पाक

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को नष्ट करने के बाद अब समय है इस्लामाबाद की हकीकत और भारत के बदले रुख से दुनिया को वाकिफ कराने का। पाकिस्तान तब तक अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा, जब तक उसे कुछ देशों का समर्थन मिलता रहेगा। इस समर्थन को कूटनीति के जरिये ही खत्म किया जा सकता है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नई दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी। अगर पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की आड़ में भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का न्यू नॉर्मल है और दुनिया को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान की टेरर पॉलिसी के चलते यह नौबत आई है। अपने यहां मौजूद आतंकी ढांचों पर एक्शन तो दूर, पाकिस्तान ने उन्हें हमेशा बचाने की कोशिश की। ये अड्डे हिंदुस्तान और बाकी दुनिया के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे। पाकिस्तान ने संघर्ष को भड़काने के लिए खूब झूठ फैलाया। उसका यह चेहरा बेनकाब करने की जरूरत है कि भारत से टक्कर की चाहत में वह अपने नागरिकों को भी ढाल बना लेता है, और नई दिल्ली की लड़ाई आम लोगों से नहीं बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं से है। हिंदुस्तान ने सिंधु जल संधि को इसलिए निलंबित किया, क्योंकि एक तो इस ट्रीटी में भारतीय हितों का ख्याल नहीं रखा गया था और दूसरे, पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नहीं निभाया। पाकिस्तान को पानी पर सहानुभूति बटोरने का मौका नहीं मिलना चाहिए। पाकिस्तान बार-बार दुस्साहस इसलिए कर पाता है, क्योंकि उसे चीन और तुर्किये जैसे देशों से मदद मिल जाती है। इस बार भी इन दोनों मुल्कों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते पाकिस्तान को सपोर्ट किया। भारत की कूटनीतिक पहल से दोनों देशों पर दबाव पड़ेगा और दूसरे देश भी पड़ोसी मुल्क की सच्चाई से वाकिफ होंगे। सरकार ने सातों डेलिगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है। यह दिखाता है कि राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हित के मसले पर पूरा देश एक है - आतंकवाद से लड़ाई में सरकार को सभी का समर्थन हासिल है। भारत की एकजुटता संदेश है और चेतावनी भी कि पाकिस्तान से सीमापार आतंक का सच हम सभी देशों के सामने लाने को प्रतिबद्ध हैं।

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढोये ?

■ ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंत्रकार



विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो




अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरुआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है।

गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है। अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### मूर्ख गधा

एक बार दो गधे अपनी पीठ पर बोझा उठाये चले जा रहे थे, उनको काफी लंबा सफर तय करना था.. एक गधे की पीठ पर नमक की भारी बोरियां लदी हुई थीं तो एक की पीठ पर रूई की बोरियां लदी हुई थीं। जिस रास्ते से वो जा रहे थे उस बीच में एक नदी पड़ी, नदी के ऊपर रेत की बोरियों का कच्चा पुल बना हुआ था.. जिस गधे की पीठ पर नमक की बोरियां थीं, उसका पैर बुरी तरह से फिसल गया और वह नदी के अंदर गिर पड़ा.. नदी में गिरते ही नमक पानी में घुल गया और उसका वजन हल्का हो गया.. वह यह बात बड़ी प्रसन्नता से दुसरे को बताने लगा.. दुसरे गधे ने सोचा कि यह तो बढ़िया युक्ति है, ऐसे में तो मैं भी अपना भार काफी कम कर सकता हूँ और उसने बिना सोचे समझे पानी में छलांग लगा दी, किन्तु रूई के पानी सोख लेने के कारण उसका भार कम होने की जगह बहुत बढ़ गया, जिस कारण वह मुर्ख गधा पानी में डूब गया। एक संत यह सारा किस्सा अपने शिष्यों के साथ देख रहे थे, उन्होंने अपने शिष्यों से कहा- मनुष्य को सदा अपना विवेक जागृत रखना चाहिए, बिना अपनी बुद्धि लगाए दूसरों की नकल कर वैसा ही करने वाले सदा उपहास के पात्र बनते हैं। मित्रों हमारी असल जिंदगी में भी यही बात लागू होती है, हम किसी को एक क्षेत्र में सफल होते देख उसे कॉपी करना शुरू कर देते हैं, हमे लगता है कि यदि कोई बंदा अपने क्षेत्र में सफल हो गया तो हमे भी उस क्षेत्र में सफलता मिल जायेगी लेकिन हम शायद यह ध्यान नहीं देते कि उसके पीठ पर नमक वाली बोरी है मतलब उसका इंटरेस्ट अलग है और भूलवश हम रूई की बोरी को लादे छलांग लगा देते हैं मतलब दूसरा टैलेंट या इंटरेस्ट को लादे उस क्षेत्र में सफल होने का ख्वाब देखते है।

## धर्म-कर्म

### मई महीने का आखिरी प्रदोष 24 मई को जानें शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय

प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित हैं। हर महीने में दो बार प्रदोष आता है। एक शुक्ल पक्ष और एक कृष्ण पक्ष है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रदोष व्रत करता है भगवान शिव उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। साथ ही इस व्रत को करने से भगवान शिव के साथ साथ माता पार्वती का भी आशीर्वाद मिलता है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को प्रभाव से संतान सुख और धन संपत्ति की प्राप्ति होती है। तो आइए जानते हैं मई महीने का आखिरी प्रदोष व्रत कब है।

पंचांग के अनुसार, प्रदोष व्रत त्रयोदशी तिथि में रखा जाता है। इस बार त्रयोदशी तिथि 24 मई को शाम में 7 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगी और 25 मई को दोपहर में 3 बजकर 51 मिनट तक रहेगी। शास्त्रीय विधान के अनुसार, त्रयोदशी तिथि जब शाम के समय लगी होती है उस समय प्रदोष व्रत किया जाता है। ऐसे में 24 मई को प्रदोष व्रत किया जाएगा। इस बार 24 मई को शनिवार होने के कारण इसे शनि प्रदोष व्रत कहा जाएगा। 24 मई को पूजा के लिए शुभ चौघड़िया का समय सुबह 8 बजकर 52 मिनट से 10 बजकर 35 मिनट तक। शाम की पूजा के लिए लाभ चौघड़िया दोपहर में 3 बजकर 45 मिनट से 5 बजकर 28 मिनट तक। अमृत चौघड़िया शाम में 5 बजकर 28 मिनट से 7 बजकर 11 मिनट तक। शनिवार के दिन प्रदोष व्रत होने से इसे शनि प्रदोष व्रत कहा जाता है।

## आंचलिक

# योजनाओं के क्रियान्वयन सहित सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करें : कमिश्नर

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। साथ ही लोक सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रीत करें। इस दिशा में मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति के साथ विभागीय कार्यों को बेहतर ढंग से सम्पादित किया जाए। बस्तर अंचल के अंतर्गत सुरक्षा कैम्पों के समीपस्थ ग्रामों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं सहित पीडीएस व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रयास करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। साथ ही वनाधिकार पट्टों को अभिलेख कक्ष में सुरक्षित रखने सम्बन्धी कार्य में शीघ्र अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश भी दिए।



कमिश्नर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर बल देते हुए कहा कि आम जनता से प्राप्त समस्या एवं शिकायतों के निवारण हेतु ध्यान केंद्रित करें। संभाग स्तरीय अधिकारी समाधान शिविरों में जाकर जिला स्तर के अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करें। मैदानी अमले को सक्रिय रखकर प्लानिंग के साथ काम करवाएं। पेयजल व्यवस्था के लिए जल प्रदाय योजनाओं, सोलर ड्यूल पम्पों एवं हैंडपंपों का समुचित संधारण एवं संचालन सुनिश्चित किया जाए। सुधार योग्य जल प्रदाय योजनाओं तथा हैंडपंपों को अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाया जाए। साथ ही चिन्हित समस्याग्रस्त इलाकों में ध्यान केंद्रीत कर नवीन नलकूप खनन कर हैंडपंप स्थापना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संभाग के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में अद्यतन प्रगति लाने पर बल देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ संचालित करने कहा। वहीं गुणवत्ता की कमी पर सम्बन्धित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व बारिश के पहले स्कूलों तथा आश्रम-छात्रावासों की साफ-सफाई सहित मरम्मत योग्य भवनों का मरम्मत सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में सम्बंधित विभागों को चिन्हित भवनों का मरम्मत तत्काल शुरू किए जाने कहा। साथ ही सड़कों और पुल-पुलिया के रखरखाव पर ध्यान देने कहा और मानसून के पूर्व आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को कोंडागांव-नारायणपुर नेशनल हाईवे के निर्माण में अद्यतन प्रगति लाने के लिए ठेकेदारों से लगातार कार्य करवाने कहा और पुलिया निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने इस दिशा में नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों को मांग के अनुरूप खाद-बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री की उपलब्धता हेतु फोकस करने पर जोर देते हुए समाधान शिविरों में बीज और बीज मिनीकिट वितरित किए जाने कहा।

# कक्षा 9वीं से 12वीं तक की बालिकाओं को मिलेगी मासिक छात्रवृत्ति, 25 मई तक किया जा सकता है आवेदन

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जिले में संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की बालिकाओं के लिए एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत बालिका शिक्षा सहयोग योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य बस्तर संभाग की बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को 250 रुपये, 10वीं को 300 रुपये, 11वीं को 350 रुपये एवं 12वीं की छात्राओं को 400 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

इस योजना की पात्र सिर्फ बालिकाएं होगी। छात्रा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा सामान्य वर्ग की हो सकती है, लेकिन सभी वर्गों के लिए बीपीएल कार्ड अनिवार्य है। इस संबंध में आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना होगा। छात्रा बस्तर संभाग (दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर) की मूल निवासी होनी चाहिए। पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग की छात्राओं के लिए पारिवारिक वार्षिक आय 72,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए (आय प्रमाण पत्र 01 जनवरी 2024 के बाद का होना चाहिए)। छात्रा को पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है। यदि पढ़ाई में कोई गैप रहा हो, तो गैर-न्यायिक स्टांप पेपर पर गैप सर्टिफिकेट देना होगा। इसके अलावा आवेदन के साथ निवासी, जाति एवं आय प्रमाण पत्र, पिछली परीक्षा की मार्कशीट की छायाप्रति संलग्न किया जाना तथा छात्रा को अपने बैंक पासबुक का प्रथम पृष्ठ, जिसमें खाता क्रमांक और आईएफएससी कोड स्पष्ट हो, उसकी छायाप्रति भी लगानी होगी एवं केवल चलित खाता की पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति मान्य होगी। इच्छुक छात्राएं अपने संस्था से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ 25 मई 2025 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकती है।

## आज का इतिहास

- 2014 में 23 मई के दिन रूस और चीन ने सीरिया में युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो शक्ति का प्रयोग किया था।
- 2010 में आज ही के दिन उच्चतम न्यायालय ने बिना विवाह किए महिला और पुरुष के एक साथ रहने को अपराध नहीं माना था।
- 2008 में आज ही के दिन 29 साल पुराने क्षेत्रीय विवाद को सुलझाने के लिए इंटरनेशनलकोर्ट ऑफ जस्टिस ने मिडिल रॉक्स को मलेशिया और पेड्रा ब्रांका को तिंगिंगपुर से सम्मानित किया था।
- 2008 में आज ही के दिन भारत ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल पृथ्वी-2 का सफल परीक्षण किया था।
- 2004 में 23 मई के दिन बांग्लादेश में तूफ़ान के कारण मेघना नदी में नाव डूबने से 250 डूब गए थे।

# गुणवत्ता विहीन एवं समय पर कार्य न करने वाले कॉन्ट्रैक्टरों को डाले काली सूची में

### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की विभागीय बैठक में कलेक्टर द्वारा दिया गया स्पष्ट निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा जिले भर में किए जा रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों उसकी अद्यतन प्रगति, कार्य पूर्णता तिथि, अप्रारंभ एवं रूके हुए कार्यो के स्थिति का औचित्यपूर्ण कारण के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा किश्वश्वह्या। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता विहीन एवं समय पर कार्य न करने वाले कॉन्ट्रेक्टरों को तुरन्त ब्लैक लिस्ट करें। जो ठेकेदार विभागीय अनुबंध अनुरूप अपने कार्यो को पूर्ण करने में अक्षम साबित हो रहे हैं उनके प्रति किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पंचायतों में बनाए जा रहे, आवासों का भी विभागीय मैदानी अमला समय समय पर तकनीकी निरीक्षण कर समय पर पूर्ण करने के लिए सरपंचों या ग्राम सचिवों को निर्देशित करें। इसके अलावा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को ग्रामीण आवास के निर्माण के संबंध में आ रही दिक्कतों के समाधान तथा आवास निमार्ण के मूलभूत सामग्रियों की गुणवत्ता के बारे में भी सलाह दिया जा सकता हैं। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा अनुसार निर्माण कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में निर्मित होना सही मायने में सुशासन का परिचायक है अतः उन्हें अपेक्षा है कि विभाग के आगामी बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा शासकीय उद्यान रोपणी किरन्दुल विकासखंड कुआकोंडा में आवासीय क्वाटर एच टाइप निर्माण कार्य, दुकान सह यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य दंतेवाड़ा, कटेकल्याण छात्रावास में शौचालय मरम्मत एवं बोर खनन कार्य, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जावंगा एजुकेशन सिटी में प्रथम तल में शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य भाग-1, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य भाग-2, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य बचेली,100 सीटर बालक आश्रम निर्माण कार्य सूरनार भाग- 01 से 04 तक,बायोपलॉस्क यूनिट का निर्माण कार्य दतेवाडा भाग-1 से 05 तक सहित अन्य स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यो के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

# विहिप बजरंग दल ने अश्लील छत्तीसगढ़ी गानों के विरोध में कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने अश्लील छत्तीसगढी गाने के विरोध मे जगदलपुर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञात हो की सोशल मीडिया के माध्यम से पिछले कुछ दिनों से अश्लील छत्तीसगढी भाषा मे गाने वायरल हो रहें थे जिसके खिलाफ बजरंग के कार्यकर्त्ताओ ने जगदलपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे उक्त गाने के संगीतकार कलाकार एवं जो भी इस गाने के निर्देशक है सभी के खिलाफ कार्यवाही हेतु ज्ञापन दें कर एफ आई आर की मांग की है।



विहिप नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति सादगी मधुरता और परम्परा का प्रतीक है। मनोरंजन के नाम पर इसकी आत्मा को एवं संस्कृति को धूमिल करना और बदलने का प्रयास करना दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसे गानों पर तुरंत रोक लगनी चाहिए एवं ऐसे निर्देशक एवं कलाकारों पर उचित कार्यवाह होनी चाहिए। बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने कहा की छत्तीसगढ़ को हम सभी महतारी के रूप मे उसकी कला संस्कृति एवं समरसता के लिए पूजा जाता है और यहां के कलाकार भी छतीसगढ़ की लोक कलाओ को पूजनीय मानते है। मनोरंजन के नाम पर फुहड़ता बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गाने पर तुरंत रोक लगे जिससे समाज मे अश्लीलता परोसी जा रही है। यदि भविष्य मे ऐसे गाने दोबारा बने तो विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ऐसे लोगो के खिलाफ जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति को धूमिल करने का कुकृत्य करेंगे उनके खिलाफ उग्र आंदोलन करने एवं कड़े कार्यवाही करने मे पीछे नहीं हटेगा। इस दौरान बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी,गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर,बस्तर प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला,नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, नगर संयोजक भवानी चौहान,काशी चालकी,तमीश नायडू सहित बजरंगी कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

# अद्भुत है भगवान शिव का ये मंदिर, 12 महीने नंदी के मुंह से निकलता है जल

## कलेक्टर पहुंचे प्रकृति के गोद में बसे डोंगेश्वर महादेव मंदिर

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण छुईखदान विकासखंड के ग्राम जंगलपुर घाट स्थित डोंगेश्वर महादेव मंदिर का आज कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने दौरा किया। यह मंदिर अपनी रहस्यमयी विशेषताओं और धार्मिक मान्यताओं के चलते श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

डोंगेश्वर महादेव मंदिर की सबसे खास बात यह है कि यहां स्थापित नंदी की मूर्ति के मुख से वर्षभर निरंतर जलधारा बहती रहती है। इस अद्भुत दृश्य को देखकर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने गहरी रुचि दिखाई और स्थानीय ग्रामीणों से इस प्राकृतिक रहस्य व मंदिर की मान्यताओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर परिसर की स्वच्छता, पहुंच मार्ग, और पर्यटन सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल में अपार पर्यटन संभावनाएं मौजूद हैं, जिसे बेहतर प्रचार-प्रसार और बुनियादी ढांचे के विकास से एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकता है। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाते



हुए मंदिर में रेलिंग लगाने संबंधों को निर्देश दिए। इसके अलावा सूचना बोर्ड लगाए जाएं और पानी, बिजली तथा साफ्सफाई की नियमित सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन समिति व ग्रामीणों से मिलकर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं तैयार करने का सुझाव भी दिया।

ग्रामीणों ने भी मंदिर से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं और व्यक्तिगत अनुभव साझा किए, जिसे सुनकर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि इस धरोहर को संरक्षित रखने और आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। डोंगेश्वर महादेव मंदिर, जहां आस्था और प्रकृति का अद्वितीय संगम होता है, अब प्रशासन की नजर में भी एक संभावनाशील धार्मिक पर्यटन स्थल बन चुका है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर सहित स्थानीय ग्रामीण तथा मंदिर समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

**पौराणिक इतिहास और प्राकृतिक वैभव :** उल्लेखनीय है कि 1974 में हुआ था मंदिर का निर्माण पहले इस स्थान का नाम चोड़रापाट था, जो अब चोड़राधाम हो गया है। इस स्थान के प्राकृतिक सौन्दर्य से प्रभावित होकर गण्डई के भूतपूर्व जमीदार लाल डोगेन्द्रशाह खुशरों ने यहाँ लोगों को मंदिर निर्माण की प्रेरणा दी और उसी के फ्लस्वरूप 1974 में यहाँ शिव मंदिर का निर्माण किया गया। यहाँ की प्राकृतिक शोभा बड़ी ही निराली है। बड़े-बड़े चट्टान, चट्टानों के बीच झरता जल का प्राकृतिक अविरल स्त्रोत हृदय के तारों को झँकृत कर शीतलता प्रदान करता है। सावन में लगती है श्रद्धालुओं की लंबी कतार इसी अविरल स्त्रोत को 1974 में संगमरमर से निर्मित गो-मुख से निकालकर शिवलिंग पर प्रवाहित किया गया, जिसे लोग गुप्त गंगा कहते हैं। इस गुप्त गंगा का स्त्रोत स्थल आज भी गुप्त है। वहीं सावन के समय यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाती है।सावन के माह में यहां मेले का आयोजन भी किया जाता है। जो की बेहद खास होता है। इस जगह पर आपको शिव जी की भक्ति और प्राकृतिक सुंदरता के बीच होने का अहसास होगा जो की बहुत खूबसूरत होता है।

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

ग्राम टेकारी प.ह.नं.-03
रा.प्र.क्र. /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **आशिष कुमार ए झा पिता स्व. अरुण कुमार झा निवासी पुरानी बस्ती रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम टेकारी प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. खोरपा उपतहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 244/1 रकबा 0.1230 हे.** भूमि राजस्व अभिलेख में **आशिष कुमार ए झा, आनंद कुमार झा, अभिषक झा, आशुतोष झा** आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नहीं हुआ। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 05/06/2025** तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 20/05/2025** को जारी किया गया।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**

---

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

ग्राम सातपारा पहनं. 23 तहसील अभनपुर
रा.प्र.क्र. 202505110500055 ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंद्रावती कोल्ड स्टोरेज प्रा.लि. डायरेक्टर विजय सोमानी पिता स्व. श्री मिश्रीलाल सोमानी निवासी-मोती तालाब पारा, जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) द्वारा अधिकार प्राप्तकर्ता सुनील ठाकुर पिता स्व. श्री दिलीप सिंह ठाकुर निवासी-विवेकानंद आश्रम के पीछे, आदर्श बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम सातपारा पहनं. 23 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 846, 849/1, 850, 851, 852/1, 852/2 रकबा क्रमशः 0.790, 0.520, 0.070, 0.13, 0.068, 0.500 हे. कुल खसरा 06 कुल रकबा 2.078 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है। उक्त भूमि रहन, गहन व बंधक नहीं है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्थाको दावाया आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 05.06.2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
**अभनपुर, जिला रायपुर**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

ग्राम रवेली प.ह.नं.-01
रा.प्र.क्र. /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **राजवंत सिंग गेरेवाल पिता सिमरत गेरेवाल निवासी सिविल लाईन रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम रवेली प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. खोरपा उपतहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 443/2 रकबा 0.0500 हे.** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नहीं हुआ। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 05/06/2025** तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 20/05/2025** को जारी किया गया।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**

---

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना : किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बेमेतरा ।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने हेतु 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण 21 मई 2025 से ग्राम लोलेसरा, सेक्टर बैजी, परियोजना खण्डसरा, जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़) में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्रीमती यमुनेश पाण्डेय, जिला मिशन समन्वयक श्री राजीव कुमार वर्मा, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती स्मिता सिंह, कार्यालय सहायक श्री लवकुश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि, ÷बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।÷

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार 02 Aरायपुर**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला-**रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.नं.-**00057 रायपुरा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD **202425440722100218**

**//ईश्तहार//**

**तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00057** के अंतर्गत ग्राम **रायपुरा** के वर्तमान भूमिस्वामी **रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पिता/पति. -पता-रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **97/2(0.0134)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **प्रयंक चौधरी पिता/पति. श्रेयांश चौधरी पता-नयापारा राजिम तहसील अभनपुर, जिला-रायपुर** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजीयन विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 06/06/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार, 02-A रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाश उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पास दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 15/05/2025** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**रायपुर**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8Aरायपुर**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला-**रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.नं.-**00070 टिकरापारा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD **202425440725600286**

**//ईश्तहार//**

**तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070** के अंतर्गत ग्राम **टिकरापारा** के वर्तमान भूमिस्वामी **मांगीलाल जैन पिता/पति. व. रामलाल जैन पता-सा. राजनांदगांव** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **553/7(0.01620)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **अनीता देवी सांखला पिता/पति. स्व. मांगीलाल सांखला पता-23 कामठी लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़, सुयश सांखला, दर्शाना लोढा पिता/पति. स्व. मांगीलाल सांखला पता-23 कामठी लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजीयन विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 05/06/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार, 8-A रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाश उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पास दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 15/05/2025** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**रायपुर**

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**

**फोन नंबर-0771-2991574**
**Email Id:-eocghbzone03@gmail.com**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-1232, श्री संतोष साहू पिता स्व. श्री दानीराम साहू, के नाम पर इस कार्यालय का आदेश क्रमांक 73 दिनांक 22.09.2017 द्वारा नामांतरित है। नामांतरि श्री संतोष साहू पिता स्व. श्री दानीराम साहू की मृत्यु दिनांक 18.02.2025 को हो जाने के कारण उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा साहू पति स्व. श्री संतोष साहू निवासीः- शिव ईलेक्ट्रिकल्स, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर**

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**

**फोन नंबर-0771-2991574**
**Email Id:-eocghbzone03@gmail.com**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-1231, श्री संतोष साहू पिता स्व. श्री दानीराम साहू, के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 1503 दिनांक 07.03.2007 द्वारा भाड़ा क्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 19.11.2015 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। तत्पश्चात वर्तमान में आबंटी श्री संतोष साहू पिता स्व. श्री दानीराम साहू की मृत्यु दिनांक 18.02.2025 को हो जाने के कारण उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा साहू पति स्व. श्री संतोष साहू निवासीः- शिव ईलेक्ट्रिकल्स, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202505095200013/**

विषयः अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2024-2025

हरनसिंधी (पहनं. 00021),
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार-देवचंद साहू
अनावेदक पक्षकार-जाहरसिंह कंवर

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित कियाजाता हैकि आवेदक देवचंद साहू पिता महेन्द्रसाहूजाति तेली उम्र 36 वर्ष सा. हरनसिंधी तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुतकरलेखकिया हैकिआवेदककेनिजी भूमिस्वामी हक वो आधिपत्य के सामिलात खाते में ग्राम हरनसिंधी पहनं. 14/21 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में काश्तकारी भूमि स्थित है, जिसका खसरा क्रमांक 142 का रकबा 0.19 डिसमील 0.077 हे. लगानी है। जिसे आवेदक द्वाराविक्रेता कृष्णागीर पिता पुरनगीर जाति गोसाई निवासी हरनसिंधी तहसील डोंगरगढ़ वाले से दिनांक 18.07.2024 को उप. पंजीयन कार्यालय डोंगरगढ़ में विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया था, जिसके पश्चात आवेदक के ऋण पुस्तिकाक्रमांक पी 2190389 में खसरा नंबर 142 रकबा 0.19 डिसमील 0.077 हे. में दर्ज किया गया। जिस पर आवेदक काबिज होकर काश्तकारी कार्य कर रहा है। उक्त भूमि खसरा नंबर 142 रकबा 0.019 डिसमील 0.077 हे का नामांतरण होने के पश्चात हल्का पटवारी दवा क्रेता (आवेदक) देवचंद साहू पिता महेन्द्र साहू एवं सहखातेदार धरमलाल पिता मन्नूलाल के नाम पर आनलाईन रिकार्ड बी-1, खसरा में उसका नाम दर्ज नहीं किया गया है बल्कि भूलवश किसी अन्य व्यक्ति जाहरसिंग कंवर पिता अमरू कंवर निवासी हरनसिंधी वाले के नाम पर दर्ज हो चुका है जो कि त्रुटिपूर्ण व गलत है। अतः आवेदक द्वारा खसरा क्रमांक 142 का रकबा 0.19 डिसमील/ 0.077 हे. पर से जाहरसिंग कंवर पिता अमरु कंवर निवासी हरनसिंधी का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। मो. 8109033127

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.05.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) मेघा जैन
नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202505112800014/159**

**विषय :- अ-20(3), मामले की श्रेणी : राजस्व, सन् 2025-2026, रायपुर प.ह.नं. 00062 (हे.),**
**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- 1. राजेन्द्र कुमार सूद पिता स्व. श्री सुदेश कुमार सूद, 2. श्रीमती सरोजलता सूद पति स्व. श्री सुदेश कुमार सूद,**
**अनावेदक पक्षकार- द गवर्नमेंट एम्पलाईज को-ऑपरेटिव्ह हाउस बिल्डिंग सोसायटी समिति,**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं मौजा तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) राजेन्द्र कुमार सूद पिता स्व. श्री सुदेश कुमार सूद, (2) श्रीमती सरोजलता सूद पति स्व. श्री सुदेश कुमार सूद, दोनों निवासी-105, आनंद नगर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि व्यवहार वाद क्रमांक-108 अ/2024 में आदेश दिनांक 27/03/2025 के अनुसार विक्रय पत्र दिनांक 11/04/2025 को किया गया है। उक्त वाद में दिनांक 20/01/2025 को क्रेता एवं विक्रेता के बीच समझौता हो गया एवं दिनांक 27/03/2025 को माननीय व्यवहार न्यायालय ने राजीनामा आवेदन को स्वीकार करते हुए विक्रय पंजीयन करने हेतु निर्णय डिक्री पारित किया गया। उक्त भूमि रकबा 1875, खसरा नंबर 68/1, 81/1, 305/1, 305/2 पर स्थित है। अतएव आवेदकगणों के द्वारा अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ माननीय व्यवहार न्यायालय एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 06/06/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/05/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) नजूल अधिकारी
रायपुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202505112800002/147**

**विषय :- अ-20(3), मामले की श्रेणी : राजस्व, सन् 2025-2026, रायपुर प.ह.नं. 00062 (हे.),**
**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्रीमती सुनीता सिंह पति श्री सुजीत कुमार,**
**अनावेदक पक्षकार- राजधानी पत्रकार गृह निर्माण सरकारी समिति मर्यादित, रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं मौजा आवेदक श्रीमती सुनीता सिंह पति श्री सुजीत कुमार, निवासी-प्लॉट क्रमांक-30, मिडिया सिटी, मोहबाबाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम कोटा स्थित खसरा नंबर-19/45, रकबा 0.0155/1672.5 वर्गफुट भूमि, भूखण्ड क्रमांक-29 को आवेदक ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29/04/2022 के द्वारा आशीष शर्मा आत्मज कैलाशचंद्र शर्मा, निवासी-मकान नंबर एम 03 अवनी विहार दलदल सिवनी मोवा रायपुर से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 27/05/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/05/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) नजूल अधिकारी
रायपुर

---

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सतीश कुमार पांडेय** (Satish Kumar Pandey) पिता **श्री महेश कुमार पांडेय** (Shri Mahesh Kumar Pandey) निवासी कुरूद, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.), पिनकोड-493663 यह शपथ करता हूं कि मेरा पुराना नाम **सतीश पांडेय** (Satish Pandey) को त्याग कर नया नाम **सतीश कुमार पांडेय** (Satish Kumar Pandey) पिता **श्री महेश कुमार पांडेय** (Shri Mahesh Kumar Pandey) रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम **सतीश कुमार पांडेय** (Satish Kumar Pandey) पिता **श्री महेश कुमार पांडेय** (Shri Mahesh Kumar Pandey) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावें।

**सतीश कुमार पांडेय**
**निवासी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**पिनकोड-493663**

---

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसान विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रथम निविदा आमंत्रण दिनांक **10.06.2025** सायं **17:30** बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक) |
|---|---|---|---|
| 168673 | 04/व.ले.लि. /2025-26 दि. 20.05.2025 | कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा की सिकसोड तालाब का स्लूस संरचना एवं सायफन निर्माण कार्य | रु. 49.35 लाख |
| 168678 | 05/व.ले.लि. /2025-26 दि. 20.05.2025 | कांकेर जिले के विकासखंड कांकेर अंतर्गत खमढोड़गी जलाशय नहर लाईनिंग सुधार एवं स्ट्रक्चर सुधार कार्य | रु. 48.88 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **27.05.2015** समय 17.31 बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी व पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**जी-252601027/3**

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कांकेर**
**कृत्ते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

---

**हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड**
**कार्पोरेट ऑफिस : 27 ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई- 600032, CIN : U65993MH2008PLC384221**
**ब्रांच ऑफिसः पुजारी चैंबर कॉम्पलेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ीनाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) और 9/1 के अंतर्गत**
**उधारकर्ता को अचल संपत्ति की पहली बिक्री की सूचना**

जबकि मेसर्स हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा धारा 13(12) सहपठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 23.12.2022 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें टावर एवं सह-उधारकर्ता को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि वापस करने को कहा गया।
उधारकर्ता और सह-उधारकर्ताओं द्वारा वैधानिक अवधि के भीतर राशि चुकाने में विफल रहने पर, प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2000 के नियम के अनुसार उक्त अधिनियम की धारा 1354 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा लेने का आदेश दिया है।
बंधक/नोटिसकर्ताओं को 30 दिनों के भीतर अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करके ऋणमुक्ति का अंतिम अवसर दिया जाता है। 23/06/2025 को शाम 4 बजे से पहले, जिसके बाद सुरक्षित परिसंपत्ति को निर्धारित समय के अनुसार बेचा जाएगा।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे दी गई तालिका में विस्तृत रूप से वर्णित संपत्ति को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 85) एवं 9(1) के अन्तर्गत 'जहां है, जैसी है' तथा 'जो भी स्थिति हो' के अनुसार बिना किसी छूट के बेचा जाएगा। इसके लिए आम जनता से 28.06.2025 को सायं 4.00 बजे तक निवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम और पता | सुरक्षिण ऋण (रुपए में) | संपत्ति के लिए आरक्षित मूल्य निर्धारित | शीर्षक सत्यापन के लिए स्थान |
|---|---|---|---|
| **1. मेसर्स/ सत्यनारायण ट्रेडर्स (उधारकर्ता)**<br>**2. मेसर्स/ आर्ट गैलरी (सह-उधारकर्ता)**<br>**3. श्री संजय सिंह ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**4. श्रीमती दीपा ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**5. श्री टोमन सिंह ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**6. श्रीमती सुधा ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**पता 1 :** प्लाट नं. 10 एवं 11, प. ह. नं. 106 (8), वार्ड नं. 16, शहीद चुड़ामणि वार्ड, मौजा समता कालोनी, समता गृह निर्माण संस्था समिति रायपुर (छ.ग.)-492001.<br>**पता 2 :** खसरा नं. 320/3, यति यतन लाल वार्ड नं. 04, प. ह. नं. 108/38, आर.एन.एम. रायपुर-1, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) | **5,69,06,530.26/ रुपए** (पांच करोड़ उनहत्तर लाख छह हजार पांच सौ तीस रुपए और छब्बीस पैसे मात्र)<br>8/1/2025 तक + अतिरिक्त ब्याज+ वैधानिक व्यय + कानूनी व्यय+भुगतान की तिथि तक आकस्मिक शुल्क | **68,00,000/ रुपए** (अड़सठ लाख रुपए मात्र)<br>**बयाना राशि जमा**<br>निविदा राशि पर 10% की छूट 6,80,000/- रुपये | मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय पुजारी चैंबर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ी नाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001<br>**बोली खोलने का स्थान**<br>मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय पुजारी चैंबर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ी नाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001<br>**बोली खोलने की तिथि और समय**<br>30.06.2025 @ 16.30 बजे |

अचल संपत्ति का विवरणः प्लाट नं. 10 एवं 11 के वह सभी हिस्सा एवं खंड, प. ह. नं. 106 (8), वार्ड नं. 16, शहीद चुड़ामणि वार्ड, मौजा समता कालोनी, समता गृह निर्माण संस्था समिति रायपुर (छ.ग.)-492001. पूर्व : सड़क, पश्चिम : दूसरे का मकान और नाली के बाद तालाब, उत्तर : प्लाट नं. 09, दक्षिण : खुला क्षेत्र

**नीलामी की शर्तें एवं नियमः**

1) इच्छुक पक्ष अपनी निविदाएं प्राधिकृत अधिकारी (एओ) सुश्री कीर्तिराज देशमुख मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस यूनाइटेड को संबोधित करते हुए, उक्त संपत्ति खरीदने के लिए पोस्ट आरपीएडी/हैंड डिलीवरी द्वारा एक बंद लिफाफे में भेज सकते हैं, जिस पर 'मेसर्स सत्यनारायण ट्रेडर्स के लिए संपत्ति की पहली नीलामी बिक्री के लिए प्रस्ताव, अनुबंध संख्या 'सीआरएपीआरपीसी00000' लिखा हो, साथ में निविदा राशि का 50% ईएमडी (सुश्री हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में अग्रिम राशि जमा, रालपुर में देय, जो कि भुगतान सफ्ल न होने पर वापसी योग्य है। निविदा हमें 25/06/2025 तक 16:00 बजे से पहले मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए।
पुजारी चेम्बर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापोर, नियर पचपेडिनका, रायपुर (छग)402001
2) फॉस्ट आरएडी/हैंड डिलीवरी द्वारा सीलबंद कोटेशन 26/06/2005 को शाम 16:00 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे और 28/06/2025 को 16:30 बजे खोले जाएंगे। हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापार, पचपेड़ीनाका के पास, रायपुर (सीजी) 432001
3) संभावित बोलीदाता अपनी पेशकश प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति का दौरा करके संपत्ति के मूल्य/शीर्षक/माप आदि की स्थिति के बारे में खुद को संतुष्ट कर सकते हैं। प्रदान की गई संपत्ति का सारा विवरण एओ द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार है और इसलिए एओ जानकारी में किसी भी विचलन के लिए जिम्मेदार नहीं है, किसी भी शुल्क के लिए जिम्मेदार नहीं है,
बिक्री के लिए रखी गई संपत्ति के संबंध में सरकार या किसी अन्य को कोई देयता, ऋणभार, सम्पत्ति कर या कोई अन्य बकाया नहीं होगा।
4) अचल सम्पत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य से कम पर प्राप्त निविदाएं अस्वीकृत कर दी जाएंगी।
5) उच्चतम प्रेषक की घोषणा लिफाफे खुलने के बाद की जाएगी तथा बिक्री हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस की अंतिम मंजूरी के अधीन होगी।
6) प्राधिकृत अधिकारी बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली/आगे की बातचीत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। परस्पर बोली/बातचीत के बाद उनमें से सबसे अधिक बोली लगाने वाले को सफ्ल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। बोलीदाता 1,00,000/- (केवल एक लाख रुपये) के गुणकों में अपने आगे के प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं।
7) यदि सफ्ल बोलीदाता बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान 15 दिनों के भीतर करने में विफ्ल रहता है, तो उसे बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।
उसके द्वारा जमा की गई ईएमडी की पूरी राशि बिना किसी पूर्व सूचना के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी।
सफ्ल बोलीदाता को परिवहन के लिए देय प्रभार/फीस जैसे स्टाम्प ड्यूटी पंजीकरण शुल्क आदि का वहन करना होगा, जो कि निम्न नियमों के अनुसार लागू हो।
9) प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री/नीलामी को स्थगित/स्थगित/रद्द करने और बिना किसी पूर्व सूचना और/या कोई कारण बताए बिक्री के किसी भी नियम व शर्तों को संशोधित करने का पूर्ण अधिकार और विवेकाधिकार है।
10) सफ्ल खरीदार/धारक आयकर 1961 की धारा 194 (1-ए) के अनुसार बिक्री आय पर टीडीएस @1% की दर से कटौती करेगा तथा फॉर्म 26क्यूबी में चालान प्रस्तुत करके उसे जमा करेगा तथा 105 प्रमाण पत्र की मूल रसीद हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड (50.00 लाख और उससे अधिक संपत्ति) को प्रस्तुत करेगा।
11) इच्छुक बोलीदाता संपत्ति के निरीक्षण के लिए 24/06/2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच मोबाइल नंबर 7208001876 पर मी. कीर्तिनाज देशमुख या मोबाइल नंबर 9630294540 पर कलेक्शन मैनेजर मी. अतुल जोशी से संपर्क कर सकते हैं। यह बिक्री नोटिस वेबसाइट (www.hindujaleylandfinance.com) पर भी अपलोड/प्रकाशित है।

**दिनांकः 22/05/2025**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड के लिए**

---

**हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड**
**कार्पोरेट ऑफिस : 27 ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई- 600032, CIN : U65993MH2008PLC384221**
**ब्रांच ऑफिसः पुजारी चैंबर कॉम्पलेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ीनाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) और 9/1 के अंतर्गत**
**उधारकर्ता को अचल संपत्ति की पहली बिक्री की सूचना**

जबकि मेसर्स हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा धारा 13(12) सहपठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 23.12.2022 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें टावर एवं सह-उधारकर्ता को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि वापस करने को कहा गया।
उधारकर्ता और सह-उधारकर्ताओं द्वारा वैधानिक अवधि के भीतर राशि चुकाने में विफल रहने पर, प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2000 के नियम के अनुसार उक्त अधिनियम की धारा 1354 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा लेने का आदेश दिया है।
बंधक/नोटिसकर्ताओं को 30 दिनों के भीतर अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करके ऋणमुक्ति का अंतिम अवसर दिया जाता है। 23/06/2025 को शाम 4 बजे से पहले, जिसके बाद सुरक्षित परिसंपत्ति को निर्धारित समय के अनुसार बेचा जाएगा।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे दी गई तालिका में विस्तृत रूप से वर्णित संपत्ति को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 85) एवं 9(1) के अन्तर्गत 'जहां है, जैसी है' तथा 'जो भी स्थिति हो' के अनुसार बिना किसी छूट के बेचा जाएगा। इसके लिए आम जनता से 28.06.2025 को सायं 4.00 बजे तक निवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम और पता | सुरक्षिण ऋण (रुपए में) | संपत्ति के लिए आरक्षित मूल्य निर्धारित | शीर्षक सत्यापन के लिए स्थान |
|---|---|---|---|
| **1. मेसर्स/ सत्यनारायण ट्रेडर्स (उधारकर्ता)**<br>**2. मेसर्स/ आर्ट गैलरी (सह-उधारकर्ता)**<br>**3. श्री संजय सिंह ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**4. श्रीमती दीपा ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**5. श्री टोमन सिंह ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**6. श्रीमती सुधा ठाकुर (सह-उधारकर्ता)**<br>**पता 1 :** प्लाट नं. 10 एवं 11, प. ह. नं. 106 (8), वार्ड नं. 16, शहीद चुड़ामणि वार्ड, मौजा समता कालोनी, समता गृह निर्माण संस्था समिति रायपुर (छ.ग.)-492001.<br>**पता 2 :** खसरा नं. 320/3, यति यतन लाल वार्ड नं. 04, प. ह. नं. 108/38, आर.एन.एम. रायपुर-1, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) | **5,69,06,530.26/ रुपए** (पांच करोड़ उनहत्तर लाख छह हजार पांच सौ तीस रुपए और छब्बीस पैसे मात्र)<br>8/1/2025 तक + अतिरिक्त ब्याज+ वैधानिक व्यय + कानूनी व्यय+ | **84,36,000/ रुपए** (चौरासी लाख छत्तीस हजार रुपए मात्र)<br>**बयाना राशि जमा**<br>निविदा राशि पर 10% की छूट 8,43,600/- रुपये | मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय पुजारी चैंबर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ी नाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001<br>**बोली खोलने का स्थान**<br>मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय पुजारी चैंबर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापारा, पचपेड़ी नाका के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001<br>**बोली खोलने की तिथि और समय**<br>28.06.2025 @ 16.30 बजे |

अचल संपत्ति का विवरणः जमीन के वह सभी हिस्सा एवं खंड, मौजा-गोंदवारा, खसरा नं. 320/3, यति यतन लाल वार्ड नं. 04, प. ह. नं. 108/38, आर.एन.एम. रायपुर-1, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) , पूर्व : पूर्ण रूप से बाउंड्री वाल, पश्चिम : सड़क, उत्तर : अग्रवाल की संपत्ति, दक्षिण : दूसरे का प्लाट

**नीलामी की शर्तें एवं नियमः**

1) इच्छुक पक्ष अपनी निविदाएं प्राधिकृत अधिकारी (एओ) सुश्री कीर्तिराज देशमुख मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस यूनाइटेड को संबोधित करते हुए, उक्त संपत्ति खरीदने के लिए पोस्ट आरपीएडी/हैंड डिलीवरी द्वारा एक बंद लिफाफे में भेज सकते हैं, जिस पर 'मेसर्स सत्यनारायण ट्रेडर्स के लिए संपत्ति की पहली नीलामी बिक्री के लिए प्रस्ताव, अनुबंध संख्या 'सीआरएपीआरपीसी00000' लिखा हो, साथ में निविदा राशि का 50% ईएमडी (सुश्री हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में अग्रिम राशि जमा, रालपुर में देय, जो कि भुगतान सफ्ल न होने पर वापसी योग्य है। निविदा हमें 25/06/2025 तक 16:00 बजे से पहले मेसर्स हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए।
पुजारी चेम्बर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापोर, नियर पचपेडिनका, रायपुर (छग)402001
2) फॉस्ट आरएडी/हैंड डिलीवरी द्वारा सीलबंद कोटेशन 26/06/2005 को शाम 16:00 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे और 28/06/2025 को 16:30 बजे खोले जाएंगे। हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स कॉम्प्लेक्स, टिकरापार, पचपेड़ीनाका के पास, रायपुर (सीजी) 432001
3) संभावित बोलीदाता अपनी पेशकश प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति का दौरा करके संपत्ति के मूल्य/शीर्षक/माप आदि की स्थिति के बारे में खुद को संतुष्ट कर सकते हैं। प्रदान की गई संपत्ति का सारा विवरण एओ द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार है और इसलिए एओ जानकारी में किसी भी विचलन के लिए जिम्मेदार नहीं है, किसी भी शुल्क के लिए जिम्मेदार नहीं है,
बिक्री के लिए रखी गई संपत्ति के संबंध में सरकार या किसी अन्य को कोई देयता, ऋणभार, सम्पत्ति कर या कोई अन्य बकाया नहीं होगा।
4) अचल सम्पत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य से कम पर प्राप्त निविदाएं अस्वीकृत कर दी जाएंगी।
5) उच्चतम प्रेषक की घोषणा लिफाफे खुलने के बाद की जाएगी तथा बिक्री हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस की अंतिम मंजूरी के अधीन होगी।
6) प्राधिकृत अधिकारी बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली/आगे की बातचीत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। परस्पर बोली/बातचीत के बाद उनमें से सबसे अधिक बोली लगाने वाले को सफ्ल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। बोलीदाता 1,00,000/- (केवल एक लाख रुपये) के गुणकों में अपने आगे के प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं।
7) यदि सफ्ल बोलीदाता बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान 15 दिनों के भीतर करने में विफ्ल रहता है, तो उसे बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।
उसके द्वारा जमा की गई ईएमडी की पूरी राशि बिना किसी पूर्व सूचना के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी।
सफ्ल बोलीदाता को परिवहन के लिए देय प्रभार/फीस जैसे स्टाम्प ड्यूटी पंजीकरण शुल्क आदि का वहन करना होगा, जो कि निम्न नियमों के अनुसार लागू हो।
9) प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री/नीलामी को स्थगित/स्थगित/रद्द करने और बिना किसी पूर्व सूचना और/या कोई कारण बताए बिक्री के किसी भी नियम व शर्तों को संशोधित करने का पूर्ण अधिकार और विवेकाधिकार है।
10) सफ्ल खरीदार/धारक आयकर 1961 की धारा 194 (1-ए) के अनुसार बिक्री आय पर टीडीएस @1% की दर से कटौती करेगा तथा फॉर्म 26क्यूबी में चालान प्रस्तुत करके उसे जमा करेगा तथा 105 प्रमाण पत्र की मूल रसीद हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड (50.00 लाख और उससे अधिक संपत्ति) को प्रस्तुत करेगा।
11) इच्छुक बोलीदाता संपत्ति के निरीक्षण के लिए 24/06/2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच मोबाइल नंबर 7208001876 पर मी. कीर्तिनाज देशमुख या मोबाइल नंबर 9630294540 पर कलेक्शन मैनेजर मी. अतुल जोशी से संपर्क कर सकते हैं। यह बिक्री नोटिस वेबसाइट (www.hindujaleylandfinance.com) पर भी अपलोड/प्रकाशित है।

**दिनांकः 22/05/2025**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड के लिए**

## न्यूज ब्रीफ

### पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का निरीक्षण



**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 15 में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्य का गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि वार्ड 15 में पंकज महाराज घर के पास से महामाया मंदिर चौक तक पेवर ब्लॉक सड़क किनारे लगाए जा रहे हैं। पेवर ब्लॉक लगने से वार्ड वासियों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। तथा गंदे पानी का भराव नहीं होगा। नपाध्यक्ष ने कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने का सख्त निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। इस अवसर पर पार्षद ज्योति रिंकू चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

### वाहन चालक संघ का अधिवेशन कल

**महासमुंद।** छग शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ द्वारा आल इंडिया गवर्मेंट ड्राइवर कन्फेडरेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन 24 मई को दोपहर 12 बजे शंकराचार्य सभागार में आयोजित है। जानकारी देते हुए छग वाहन चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विशेष अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्री मंत्री तोखन साहू, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, छग बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू होंगे। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष आंध्रप्रदेश वाई नागेश्वर राव, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, वरिष्ठ संरक्षक एनएच खान उपस्थित रहेगे।

### जगत विहार कालोनी के वार्डवासियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**महासमुंद।** स्थानीय जगत विहार कालोनी के रहवाशियों ने कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली,पानी,सड़क,नाली की मांग हेतु छ ग शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के समस्या निवारण शिविर पहुंच कर मांग पत्र सौपा। भूपेन्द्र चन्द्राकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा शहर के हृदय स्थल मे स्थित जगत विहार कालोनी को 2020 मे विधिवत नगर पालिका द्वारा प्रस्ताव पारित कर वैध कालोनी घोषित किया गया था जिसके एवज मे कालोनी मे भवन निर्माण पर अनुमति लेने पर आठ गुना टेक्स लगा कर 40 रुपया प्रति वर्ग फिट विकास शुल्क लेकर उस राशि को कालोनी के विकास मे ही खर्च करने के लिए सहमति बनी थी, और ऐसा कानून भी हैं। लेकिन पालिका द्वारा आज 5 साल बीत जाने के बाद भी एक ढेले की राशि कालोनी के विकास मे नहीं लगाया हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नारी शक्तियों ने निकाली सिंदूर यात्रा व मशाल रैली

समवेत शिखर संवाददाता




**महासमुन्द।** स्थानीय लोहिया चौक से बुधवार को सर्वदलीय नारीशक्तियों के विशाल भीड़ के साथ शहर के मुख्यमार्गों पर महिलाओं ने सिंदूर लगाकर, लाल रंग के परिधान और हाथों में मशाल लेकर सिंदूर यात्रा निकाली।

सिंदूर यात्रा में महिलाओं के साथ सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरीं, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी,जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर,मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रभारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू और विभिन्न महिला संगठनों के पदाधिकारी भारतमाता की जय,वंदे मातरम का जयघोष करते हुए रैली में शामिल हुए। सिंदूर यात्रा रैली के पूर्व लोहिया चौक में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरीं ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादीयो ने निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर कई महिलाओं की सुहाग की हत्या कर उनका सिंदूर मिटा दिया । पूरे देशभर में इस जघन्य हत्याकांड से महिलाओ में आक्रोश का माहौल है। इस निर्मम हत्याकांड को केंद्र की सरकार ने गम्भीरता से लेते हुए भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकी अड्डो को खत्म करने के मिशन में सफ्लता हासिल की है। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता पर केंद्र की सरकार की जवाबी कार्यवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि एक तरफ महिला माता बहनों का सिंदूर मिटाने वाले आतंकियो को मुंहतोड़ जवाब देश की पराक्रमी सेना ने दिया है वही दूसरी तरफ देश भर में महिला मातृशक्ति और देशप्रेमी नागरिक ,सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करने तिरंगा यात्रा ,सिंदूर यात्रा के माध्यम से अपनी राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रकट कर रही है । शहर के प्रमुख मार्गो से निकली इस सिंदूर यात्रा में शामिल महिलाये लाल रँग के परिधान में राष्ट्र की एकता अखंडता और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत, भारत माता की जय,वंदेमातरम का जयघोष करते हुए गगनभेदी नारे लगाते हुए हाथों में मशाल थामे उत्साह से शामिल हुई। कार्यक्रम की प्रभारी सुधा साहू ने इस विशाल रैली में शामिल सर्वदलीय महिला कार्यकर्ताओ ,विभिन्न सामाजिक संगठनों ,जनप्रतिधिगण और गणमान्य जनो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब जब इस देश की स्वाभिमान और अस्मिता पर संकट आया है तब तब मातृ शक्ति ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए देश की रक्षा में हरसंभव योगदान दिया है।

# समोदा-अछोला जल प्रदाय निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### 48 ग्रामों के 12 हजार से ज्यादा परिवारों को होगा लाभ

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित समोदा.अछोला समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का कलेक्टर विनय लंगेह ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम समोदा बैराज के निकट महानदी पर निर्मित किए जा रहे 10.0 मीटर व्यास के आरसीसी इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात वे ग्राम अछोली पहुँचे, जहाँ 6.0 एमएलडी क्षमता वाला जल शुद्धिकरण संयंत्र निर्माणाधीन है। इन दोनों प्रमुख स्थलों पर कार्य की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता की जानकारी लेकर समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने कलेक्टर को जानकारी दी कि समोदा.अछोला समूह जल प्रदाय योजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के 48 ग्रामों के कुल 12.395 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों से योजना के विभिन्न अवयवों की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं एवं निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता एवं कार्य एजेंसी के अभियंता भी उपस्थित रहे।

# स्वीकृत सड़कों की लंबाई कम करना सरकार की दुर्भावना : विनोद

### बरोंडा चौक से बम्हनी तक होना था सड़क चौड़ीकरण, अब केवल कलेक्टर निवास तक

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि उनके कार्यकाल में उन्होंने महासमुंद विधानसभा के अनेक सड़कों के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य कराने शासन से स्वीकृति दिलाई थी। पूर्व लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू को पत्र प्रेषित कर सड़कों की जानकारी उन्होंने दी थी। जिसके बाद महासमुंद विधानसभा के विभिन्न सड़कों के साथ महासमुंद के बरोंडा चौक से बम्हनी तक सड़क चौड़ीकरण व मार्ग विभाजक निर्माण डिवायडर सहित 9 किलोमीटर कार्य के लिए मंत्री ने स्वीकृति दी थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा की सरकार द्वारा दुर्भावनावश इस स्वीकृत मार्ग चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण की लंबाई कम कर दी गई है। जिसके तहत बरोंडा चौक से कलेक्टर निवास तक ही कार्य कराए जाने हैं। जबकि, बरोंडा चौक से बम्हनी तक सड़क चौड़ीकरण आवश्यक है। न्यायालय, जिला मुख्यालयए जिला पंचायत सहित अधिकतरत सरकारी कार्यालय इसी मार्ग पर स्थित हैं। इसके अलावा महासमुंद से मचेवा, बम्हनी, बरोंडाबाजार, परसट्ठी, चिंगरौद होते हुए जिले के अंतिम छोर के गाँवों से लोग महासमुंद आते हैं। महाविद्यालयीन छात्र.छात्राएं भी इसी मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करते हैं। कलेक्टर निवास से आगे मचेवा, बरोंडाबाजार, बम्हनी, परसट्ठी की ओर जाने वाली मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। पहले से स्वीकृत सड़क चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण 9 किमी लंबी मार्ग निर्माण के कार्य को भाजपा की साय सरकार द्वारा कटौती कर केवल जिला मुख्यालय के बरोंडा चौक से कलेक्टर निवास तक स्वीकृति दी गई है। जो क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा की जा रही पुरानी मांग सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के चलते फिर ठंडे बस्ते में चली गई है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार जिले में अब तक एक छोटी सड़क की मरम्मत तक नहीं करा पाई है। पूर्व कांग्रेस शासन में स्वीकृत सड़कों के मरम्मत व चौड़ीकरण कार्य में भी कटौती कर क्षेत्र के नागरिकों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपना रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि बरोंडा चौक से बम्हनी तक 9 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति तत्काल प्रदान कर क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की सुगम व्यवस्था तत्काल बनाया जाए।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारी को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

समवेत शिखर शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 20 मई को समय.सीमा बैठक के दौरान आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ आपदा बचाव एवं राहत कार्यों की पूर्व तैयारी हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए समुचित एवं प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में स्थापित वर्षा मापक यंत्रों की जांच कर उन्हें कार्यशील स्थिति में लाने और जिन स्थानों पर ये यंत्र नहीं हैं वहाँ शीघ्र स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 1 जून से जिले में 24.7 नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने को कहाए जिसकी जानकारी आमजन को मीडिया के माध्यम से दी जाएगी। नियंत्रण कक्ष 1 जून से वर्षा ऋतु की समाप्ति तक कलेक्टर कार्यालय कक्ष क्रमांक 20 में कार्यशील रहेगा। इस आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07723.223505 तथा ईमेल आईडी है। आपदा नियंत्रण कक्ष के संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने संवेदनशील एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में आवश्यक खाद्यान्न, नमक, केरोसीन तथा जीवन रक्षक दवाइयों का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के साथ पेयजल के स्त्रोतों की सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# नव प्रवेशित बालकों का प्रवेश के समय ही तलाशी ली जाएं

### बाल सम्प्रेक्षण गृह, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति का कलेक्टर ने किया संयुक्त निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** बुधवार शाम को कलेक्टर विनय लंगेह एवं संयुक्त टीम ने शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात बैठक आहुत किया गया। जिसमें आशुतोष सिंह पुलिस अधीक्षक, सुश्री तान्या ब्रम्हे प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, श्रीमती निरांजना शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती सुनीता देवांगन सामाजिक कार्यकर्ता, समीर पाण्डेयए जिला कार्यक्रम अधिकारी, डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खेमराज चौधरी जिला बाल संरक्षण अधिकारी मौजूद थे।

टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान संस्था में स्थापित कैमरे का बेकअप अवलोकन किया गया। जिसमें कम समय अवधि का स्टोरेज पाया गया। 01 माह का स्टोरेज क्षमता बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही चिन्हांकित जगहों पर ऑडियो, वीडियो वाला कैमरा स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान संस्था में नव प्रवेशित बालकों का प्रवेश के समय ही तलाशी लेते हुए अग्रिम कार्यवाही किया जावे तथा बालकों से परिवार द्वारा मुलाकात के दौरान कोई भी सामग्री न लिया जाये और नशे से संबंधित सामग्री का संस्था में प्रवेश न हो सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ड्रग निरीक्षक के द्वारा नियमित रूप से दवा की दुकानों में नशा संबंधी दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाने एवं सीसीटी व्ही कैमरा स्थापित कराने व पंजियों का संधारण किया जाए। जिला अंतर्गत ऐसे जगह जहाँ पर नशा की सामग्री मिलने की संभावना हो वैसे स्थानों पर टीम गठित करते हुए नियमित रेकी एवं निरीक्षण की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में नशा मुक्ति का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं नशा मुक्ति संबंधी एजेण्डा पर विषयवस्तु रखने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति हेतु बोर खनन का कार्य किया गया था। जिसमें पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति हेतु शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह से पानी की व्यवस्था की गई है। बोर्ड एवं समिति में आगंतुकों के लिए पेयजल एवं निस्तारण हेतु समस्या बनी रहती है। अतः नवीन बोर खनन करते हुए पानी की व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। किशोर न्याय बोर्ड में पानी की कमी होने के कारण कूलर हेतु पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ता है। आबंटन अनुरूप 02 नग एसी स्थापित करने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति में फ्लैक्स प्रदर्शित करने पर चर्चा रू.बोर्ड एवं समिति के बाहरी दीवारों पर फ्लेक्स के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार.प्रसारए नशामुक्ति आदि पर फ्लैक्स प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही बोर्ड एवं समिति में आगंतुकों के मॉनिटरिंग हेतु सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# द्वारकाधाम से वापस लौटने पर तीर्थ यात्रियों ने की सामूहिक पूजा

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** द्वारकाधीश धाम की यात्रा से वापस लौटे तीर्थ यात्रियों ने स्थानीय बागबाहरा रोड स्थित भीमराव अंबेडकर मंगल भवन में सामूहिक रूप से तीर्थ देवता, स्थान देवता व शिव जी का पूजन विधि विधान से किया। इस अवसर पर सभी तीर्थ यात्रियों ने पूजन करते हुए भैरो विदा किया। उल्लेखनीय है कि नगर, परिवार व विश्व कल्याण की भावना से नगर पुरोहित पंकज तिवारी के सानिध्य में करीब 115 तीर्थ यात्रियों का जत्था अलग-अलग साधनों से 5 मई को 8 ज्योतिर्लिंग दर्शन समेत द्वारका धाम में भागवत कथा का आयोजन एवं श्रवण करने रवाना हुए थे। जहां से वापस लौटने पर सामूहिक पूजा की गई। पूजन विधान केशव प्रसाद शास्त्री, कमलेश चौबे, दिनेश चौबे, हेमंत द्विवेदी, रिकेश दुबे, उत्कृष्ट शुक्ला पूर्ण कराया इस मौके पर प्रमुख रूप से ज्योति जीएल साहू, ईश्वर राधा चंद्राकर,जयश्री बैस,शशि शर्मा, सुलोचना चंद्राकर,रमा, हुलसी, मोतिम चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, आशा साहू, किरण साहू, छत्रपाल सिंह, चंद्रकांता सिंह ठाकुर, अबीर चंद्राकर, अलंकृता चंद्राकर, पवन चंद्राकर, कुमारी चंद्राकर, तारिणी अश्वनी तिवारी, छाया सुतार, रुचि चंद्राकर, शीला पांडेय, सुधा शर्मा, राखी जितेंद्र इदीकर, पुष्पा चंद्राकर,विक्की साहू, ईश्वरी साहू रिखीराम साहू, हीरालाल लक्ष्मी साहू, परमानंद किरण चंद्राकर, वेद प्रकाश पप्पू साहू, पुष्पलता अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, मीना पदमवार, ज्योति साहू, सोनी साहू, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, राकेश शर्मा, अर्जित चंद्राकर, लता चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, मीना गिरजाशंकर चंद्राकर, ललिता प्रकाश चंद्राकर, विमला यादव, सुधा शर्मा, उर्मिला साहू, नीरा भारती, रंभा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर,लालू यादव, प्रहलाद यादव, सुशील शर्मा आदि मौजूद थे।

**भागवताचार्य और आयोजन समिति का सम्मान :** मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय ने भगवताचार्य पं पंकज तिवारी सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू, आयोजन समिति के मारकंडेय पुष्पा चंद्राकर, मूलचंद सीमा लड्ढा, दिलीप प्रभा जैन, बाबूलाल मीना साहू, हेमंत तारा,चंद्राकार, देवेंद्र गुलशन चंद्राकर, राजेश नायक, दुर्गेश चंद्राकर, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर,चंदन महराज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पं. पंकज तिवारी ने कहा किसी भी धर्मकार्य में पति तभी सहायक हो सकता है जब पत्नी का साथ मिले। इसीलिए पत्नियों को धर्मपत्नी कहा गया।

**हिमजल से शिव अभिषेक व ब्राह्मण भोज :** अनुष्ठान की पूर्णता शिवजी प्रदान करते हैं और ब्राह्मण भोज से सभी प्रकार के अनुष्ठान पूर्ण होते हैं। इसी भाव से तीर्थ यात्रियों ने चंद्रमौलेश्वर महादेव का दुग्ध, दही,घृत, शहद, शक्करा स्नान के बाद हिम जल से अभिषेक किया। इसके लिए बर्फ की सिल्ली मंगवाई गई थी। जिसके जल से तीर्थ यात्रियों तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने महादेव पर जल अर्पण किया। इसके बाद उपस्थित जनों ने जगदीश श्रीकृष्ण और महादेवजी की आरती की और एकादश ब्राह्मणों को भोजन कराकर यात्रा और अनुष्ठान की पूर्णता के लिए आशीर्वाद लिया।

**नपाध्यक्ष, पार्षद, नागरिकों ने किया तीर्थ यात्रियों का स्वागत :** द्वारकाधीश धाम में भागवत कथा व आठ ज्योतिर्लिंग दर्शन कर नगर पहुंचे तीर्थ यात्रियों का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पार्षद भाउराम साहू, युंकाध्यक्ष व पूर्व पार्षद अमन चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर,पूर्व पार्षद चमन लाल चंद्राकार, पूर्व लायनेश अध्यक्ष ऐश्वर्या तिवारी समेत नागरिकों ने तीर्थ यात्रियों एवं नगर पुरोहित भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी का पुष्पहार, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। साहू कॉफी हाउस के संचालक भाउराम साहू ने अपने चाय दुकान के पास समस्त तीर्थ यात्रियों का आतिशी स्वागत कर सभी के लिए चाय की व्यवस्था की। इसी तरह आयोजन समिति द्वारा बस चालको, परिचालकों,रसोइयों तथा तीर्थ यात्रियों को श्रीफल भेंट कर स्वागत करते हुए बस चालकों और रसोइयों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्कूलों पर ताले, शराब पर तालियां, जय हो भाजपा की जनविरोधी नीति की : द्वारिकाधीश यादव

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नई आबकारी नीति और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाया गया तथाकथित युक्तियुक्तकरण आदेश अब चौतरफा आलोचना के घेरे में है। इन दोनों निर्णयों ने राज्य की सामाजिक, शैक्षणिक और नैतिक संरचना को गंभीर रूप से झकझोर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इन नीतियों को सरकार की दोहरी मानसिकता और जनविरोधी सोच का स्पष्ट प्रमाण बताया है।

**शराब के सहारे खजाना भरने में जुटी सरकार :** विधायक यादव ने तीखे शब्दों में कहा कि भाजपा सरकार ने एक अप्रैल 2025 से राज्य में 67 नई शराब दुकानों को खोलने का निर्णय लेकर यह साबित कर दिया है कि उसे समाज की नैतिकता, युवाओं के भविष्य और ग्रामीण परिवारों की दुर्दशा से कोई सरोकार नहीं है। अब राज्य में कुल 741 शराब दुकानें संचालित होंगी। इसके अतिरिक्त मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में प्रीमियम शराब शॉप्स की अनुमति देकर सरकार नशे को शौक और विलासिता के रूप में परोसने की तैयारी में है।

सरकार का दावा है कि इससे 1000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित होगा। लेकिन विधायक यादव ने स्पष्ट कहा कि यह रकम समाज के भविष्य, युवाओं की मानसिकता और गरीब परिवारों के पारिवारिक ढांचे की कीमत पर इकट्ठा की जा रही है। उन्होंने सरकार के उस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया है कि सीमावर्ती इलाकों में दुकानें खोलने से अवैध शराब पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अवैध शराब के नाम पर वैध नशे को बढ़ावा दे रही है। यह नीति एक सुनियोजित सामाजिक अपराध है, जो नशामुक्ति अभियान की आत्मा की हत्या है।

**शिक्षा की बलि युक्तियुक्तकरण या युक्तिहीन संहार :** राज्य सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर लगभग 4000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की तैयारी में है, जिससे 35 हजार से अधिक शिक्षक स्थानांतरण के शिकार होंगे । विधायक यादव ने इस कदम को शिक्षा का नरसंहार करार देते हुए कहा कि शराब की दुकानें खोलने में सरकार को जनसंख्या, दूरी और लाभ दिखता है, लेकिन स्कूल बंद करते समय वह इन कसौटियों को क्यों भूल जाती है। सरकार का तर्क है कि कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को पास के विद्यालयों में मिलाया जाएगा, लेकिन यथार्थ यह है कि इससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के हजारों बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया जाएगा, जहां एक स्कूल से दूसरे स्कूल की दूरी कई किलोमीटर होती है और परिवहन की कोई सुविधा नहीं होती। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 54000 से अधिक शिक्षक पद रिक्त हैं। शिक्षकों पर सर्वेक्षण, डाटा फीडिंग, प्रशासनिक कार्यों का भारी बोझ है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई



**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा द्वारा संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती राजमहल प्रांगण में मनाई गई, कांग्रेस कमेटी से प्रमुख वक्त रमेश शर्मा ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे,आज जो द्धद्ब आधुनिक सुविधा का लाभ ले रहें हैं सब उन्हीं की देन है, राजीव जी दूरदर्शी थे।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, यशपेंद्र शाह, प्रदेश सचिव नियाज़ अहमद, रमेश शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, छुरा नगर के पार्षद, हरीश यादव, सलीम मेमन, देवसिंह नेताम, पंच राम टंडन, शांतनु देवांगन, यामीन खान,राजू यादव, ठ्ठह्यह्वद्ब के जिला अध्यक्ष रितेश दीक्षित, युवा कांग्रेस नेता अफ्जल खान, अखिल चौबे, शैलेन्द्र दीक्षित एवं पूर्व पार्षद अवधेश प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ईस्माइल मेमन शामिल थे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से लोकतंत्र मजबूत होगाः शर्मा

**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लोकतंत्र की दिशा मे एक मजबूती प्रदान करने वाला कदम बताया है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोंच का स्वागत करते हुये एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध मे कहा कि केवल यह एक चुनावी सुधार नहीं है बल्कि यह भारत के लोकतंत्र को सशक्त व सुव्यवस्थित बनाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है इस कदम से समय व संसाधनो की बचत होगी वहीं देश के आर्थिक और प्रशासनिक कार्यो मे भी कसावट आयेगी। शर्मा संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के एक व्याख्यान मे उक्त विचार साझा कर रहे थे उपरोक्त अवसर पर सांसद चिंतामणी महाराज, भारत सिंग सिसोदिया, निरूप सिंग तथा मंजूषा भगत सहित अनेक प्रबुद्धजन व बडी संख्या मे जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### कलेक्टर के निर्देश पर संकाय सदस्य को राजिम किया गया अटैच

**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत कार्यालय फिंगेश्वर में पदस्थ संकाय सदस्य अभय प्रकाश साहू को एसडीएम कार्यालय राजिम अटैच कर दिया गया है। जनपद कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा अभय प्रकाश साहू पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी, इसी तारतम्य में जिला पंचायत सीईओ गरियाबंद द्वारा आदेश जारी कर अभय प्रकाश साहू को एसडीएम कार्यालय राजिम अटैच कर दिया गया है, संकाय सदस्य एसडीएम राजिम द्वारा दिए जाने वाले दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत फिंगेश्वर के मनरेगा शाखा के अधिकारी कर्मचारियों ने सुरसाबांधा में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में संकाय सदस्य अभय प्रकाश साहू द्वारा अन्य कर्मचारियों से काफी दुर्व्यवहार एवं अपशब्दों का उपयोग करने की शिकायत की थी। कर्मचारियों के आवेदन पर कलेक्टर श्री उइके ने गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में उक्त संकाय सदस्य को राजिम एसडीएम कार्यालय अटैच कर दिया गया है।

# पुलिस ने 48 गुम हुए मोबाइल को मालिकों को सौंपा



समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा की एक सराहनीय पहल किया गया जिसमे खोए हुए मोबाइल को ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल के माध्यम से ढूंढ कर मोबाइल स्वामी को लौटाया गया।

22 मई को आमजनों की खुशियों के लिए गरियाबंद पुलिस साइबर सेल की मदद से 48 गुम मोबाइल को बरामद कर संबंधित व्यक्तियों को सुपुर्द किया गया।गुम हुए मोबाइल को पाकर सभी लोगों के चेहरे में खुशियां फिर से लौट आई।यह पहल आगे भी जारी रहेगा।गरियाबंद पुलिस की आमजन से अपील है कि किसी भी व्यक्ति का किन्ही कारणवश मोबाइल गुम हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल साइबर सेल गरियाबंद को जरूर दें ताकि गुम हुए मोबाइल प्रार्थी को मिल सके।

ष्टश्वढ्ढक्र क्कशह्लह्लड्डद्य भारत सरकार द्वारा जारी किया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जिसके माध्यम से गुम एवं चोरी हुए मोबाइल के ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबरों को सर्च करने पर वर्तमान में मोबाइल हैंडसेट में चल रहे सीम को सर्च कर जानकारी प्राप्त किया जाता है जो गरियाबंद पुलिस की यह पहल आगे भी जारी रहेगा। मोबाइल गुम हो जाने पर सबसे पहले क्या करें?,,,,,,,,मोबाईल गुम होन पर नजदीकी थाना जाये जहां फोन की कुछ डीटेल्स मांगी जाएंगी.इसमें मोबाइल नंबर, ढ्ढरूश्वढ्ढ,डिवाइस ब्रांड,डिवाइस मॉडल, मोबाइल की रसीद,कहां खोया,फोन खोने की तारीख,फोन के मालिक का नाम, घर का पता,आधारकार्ड जरूर साथ में लाएं।

# पुलिस द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए 'कॉप ऑफ द मंथ' चुना गया



समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** माह अप्रेल 2025 विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को दी गई प्रशस्ति पत्र।इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को ÷ *कॉप ऑफद मंथ* ÷ चुना जाता है।

माह अप्रेल 2025 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी प्रधान आरक्षक 86 थानेश्वर वर्मा थाना पांडुका के द्वारा थाना गरियाबंद क्षेत्र अंतर्गत छिन तालाब के पास एक वृद्ध व्यक्ति से 1 लाख रुपए का लूट कर फरार आरोपी को पकड़ने में विषेश भूमिका रही। इसी क्रम में आरक्षक प्रवीण वर्मा थाना मैनपुर के द्वारा 23 किलो ग्राम गांजा के साथ 4 आरोपी को पड़ने में विशेष भूमिका रही,आरक्षक क्रमांक परमानंद साहू थाना फिंगेश्वर के द्वारा ग्राम मंदबाय से 105 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पकड़ने में विशेष भूमिका रही। आरक्षक क्रमांक कमल नारायण साहू थाना राजिम के द्वारा अपने सूझबूझ से बलात्कार/पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में पीड़िता की दस्तयाबी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका रही।

कॉप ऑफद मंथ इस पहल के माध्यम से माह में सराहनी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।जिससे अधिकारी/कर्मचारियों में उत्साह बनी रहती है। यह पहल आगे भी जारी रहेगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में पैसे मांगने की प्राप्त शिकायत पर मेट और रोजगार सहायक हटाए गए

## सोरिदखुर्द के सरपंच को नोटिस जारी

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में आवास प्लस 2.0 सर्वे में अवैध रूप से वसूली किये जाने संबंधी सोशल मीडिया के खबर पर जांच कर कार्यवाही किया गया है।

इस संबंध में वित्तीय अनियमितता में संलिप्त रोजगार सहायक कमलेश्वरी सिन्हा एवं मेट अमित कुमार निर्मलकर को हटा दिया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द के सरपंच चन्द्रहास बरिहा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बी.एस.उइके ने आवास योजना में वसूली के संबंध में प्राप्त शिकायत पर गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए मामले की त्वरित जांच के निर्देश दिये थे। साथ ही मामला सही पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही भी करने के निर्देश दिये थे।इसी तारतम्य में मामले की जांच कर रोजगार सहायक एवं मेट को हटाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही सरपंच को नोटिस दिया गया है।इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा द्वारा आदेश जारी किये गये है।इस संबंध में सीईओ छुरा सतीश चन्द्रवंशी ने बताया कि 15 मई 2025 को ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों के बीच शिकायत जाँच किया गया,जिसमें रोजगार सहायक एवं मेट को वित्तीय अनियमिता,मिली-भगत कर राशि की वसूली एवं लापरवाही करने का दोषी पाया गया।जांच में पाया गया कि सर्वे हितग्राही ओमप्रकाश सिन्हा एवं विजय ध्रुव से आवास सर्वे के लिए सौ-सौ रूपये दस्तावेज एवं ऑनलाईन फोटोकापी के नाम पर मांगा गया।मेट अमित कुमार निर्मलकर उर्फ राजू द्वारा लगभग 80 सर्वे हितग्राही का सर्वे किया गया है। उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा मौखिक रूप से इनके द्वारा आवास सर्वे के नाम से राशि मांग किया जाना बताया गया।उक्त मामला सही पाये जाने पर रोजगार सहायक एवं मेट को हटाने की कार्यवाही की गई है।

# कांग्रेस हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है: साव

## कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा और मजबूत करेंगी नई जिला अध्यक्ष

समवेत शिखर संवाददाता



**सिमगा।** राजनीति मूल्यो पर होनी चाहिए लेकिन भाजपा ने राजनीति का स्तर लगातार गिराया है और कांग्रेस हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है,भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे जिले का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है,उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने सिमगा ब्लाक में आयोजित ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान कही,बैठक में जिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

ब्लॉक ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा की मासिक बैठक में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की मजबूती का सबसे बड़ा आधार उसके मजबूत कार्यकर्ता है,आज शहर हो या गांव हो कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार पार्टी के झंडे तले पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछ्ले विधानसभा चुनाव में सिमगा ब्लॉक से कांग्रेस ने बढ़त बनाई थी परंतु लोकसभा चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में हमारा प्रदर्शन कमजोर रहा है, जिसे हमें नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र में कांग्रेस को पनःमजबूत करना है इसके लिए नए लोगों को कांग्रेस के विचारधारा से जोड़ते हुए बूथ कमेटियों का विस्तार करने की बात भी श्री साव ने रखी।श्री साव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा भाजपा उनके क्षेत्र में विकास नहीं कराना चाहती,वे लगातार क्षेत्र की जनसमस्याओं को सदन में उठाते आ रहे है और व्यक्तिगत रूप से प्रदेश के मंत्रियों से मिल रहे है,लेकिन उसके बावजूद जनहित के कार्य करने भाजपा सरकार रूचि नहीं दिखा रही है और उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि ऐसा ही नजरिया क्षेत्र के प्रदेश सरकार का रहा तो आने वाले दिनों में हमें धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनहित के मुद्दों के लिए लड़ाई लड़ने तैयार रहना पड़ेगा।

नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे अपने उद्बबोधन में कहा कि कांग्रेस की रीड कांग्रेस का कार्यकर्ता है जब तक हम उनकी भावनाओं का सम्मान नहीं करेंगे कार्यकर्ता मन से काम नहीं करेगा उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर के के नायक को हर माह कांग्रेस की बैठक लेने के निर्देश दिए तथा पार्टी को मजबूत करने हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया उन्होंने महिलाओं की पार्टी में सहभागिता की कमी पर चिंता जाहिर करते हुए महिला कांग्रेस के साथ-साथ सभी विंग को मजबूत करने की बात कही और आपसी मनमुटाव को दूर करते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने हेतु भविष्य में और कार्यक्रम बनाने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने प्रत्येक महीने की बैठक को ग्राम पंचायत में करने की बात रखी जिससे हमारी पार्टी ग्रामीण क्षेत्र में और मजबूत होगी उन्होंने जिला अध्यक्ष को आस्वस्त किया कि आने वाले समय में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पार्टी के साथ आपके हर कार्यक्रम में हिस्सा लेगा कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ के के नायक ने किया।

इसके पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार भाटापारा की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे का सिमगा नगर में प्रथम आगमन पर कांग्रेस जनों ने जोरदार स्वागत किया । बैठक को सरपंच कुबेर यदु, दीनबंधु शर्मा ,अयूब खान ने भी संबोधित किया आज की बैठक में पार्षद परदेसी सोनकर, याकूब कुरैशी, गोलू पाटकर, आर्यन शुक्ला, चंदू साहू, अब्दुल खान, सुनीता यादव ,चंद्रकला साहू, मोहन गायकवाड, रमेश धृतलहरे, हिम्मत शर्मा ,धन सिंह साहू, रिंकू भाटिया कुंज लाल साहू, देवचरण मारकंडे ,गुलाम नबी दाऊराम यदु, झाडूराम साहू सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द से तिरंगा यात्रा निकाली गई

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** हमारे भारत देश में सिंदूर ऑपरेशन के सफ्लता पर भारतीय सेना के सम्मान करते हुए उनके समर्थन पर प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मे ÷तिरंगा यात्रा÷ का आयोजन राष्ट्रभक्ति और वीरता के संदेश के साथ किया गया।

इस गरिमामयी यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और देश के वीर जवानों के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान को नमन किया। पूरे जोश एवं गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द और ग्राम पंचायत सिर्राखुर्द के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा यात्रा निकाला गया जो पूरे उमंग एवं उत्साह के साथ सभी ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय घोष करते हुए ग्राम भ्रमण किया। सभा को सम्बोधित करते हुए सरपंच देवेंद्र वर्मा ने कहा कि यह आयोजन न केवल देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति जनआस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे सशस्त्र बलों के प्रति जनता के अटूट सम्मान का भी जीवंत अभिव्यक्ति है, शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा कि÷ऑपरेशन सिंदूर÷ की ऐतिहासिक सफ्लता को रेखांकित करते हुए यह मात्र एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की नारीशक्ति के संकल्प और सिंदूर की रक्षा का साहसिक प्रतिशोध है। भारतीय सेना की वीरता, रणनीतिक दक्षता और आत्मबल को आज पूरा देश श्रद्धापूर्वक नमन कर रहा है। इस अवसर पर युवाओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। जगह-जगह तिरंगे लहराए गए और ÷जय हिंद÷ के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। तिरंगा यात्रा मे ग्राम पंचायत के सरपंच देवेंद्र वर्मा, पूर्व सरपंच टिकेश साहू, ग्रामीण कोषाध्यक्ष टोपेस साहू, सरपंच प्रतिनिधि परमानंद वर्मा, उप सरपंच नेमुरम साहू, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक खोमन सिन्हा, दुर्गेश विश्वकर्मा, नवीन सोनी, ललित वर्मा, कुलेश्वरी साहू, लीला साहू पंच, द्रोपती साहू, संतोषी कंडरा पंच, दयालु कंडरा शांतिबाई साहू, पार्वती साहू, शारदा साहू, नीतू मारकंडे, नीराबाई वर्मा, सोनिया निर्मलकर, के साथ स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

# पीएम आवास योजना 2.0 ने लाई हितग्राहियों के चेहरों पर मुस्कान

## 46 परिवारों को मिला भवन अनुज्ञा पत्र

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** नगर पंचायत खरोरा के वार्ड नंबर 03 में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 46 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर हितग्राहियों के चेहरों पर अपने सपनों का आशियाना बनाने की खुशी साफझलक रही थी। यह आयोजन नगर पंचायत के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें वार्डवासियों की भारी भीड़ ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन, पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, पार्षद डॉ. सुरेंद्र गिलहरे, मनीषा कोशले, राहुल मरकाम, हेमंत देवांगन, शेखर देवांगन, हेमलता नशीने, जय प्रकाश वर्मा, तामेश्वर मरकाम, लीला देवांगन, पंचराम यादव, पूर्णेंद्र उपाध्याय, शरद साहू, अंबिका बंछोर, राकेश देवांगन, नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, पोषण साहू, प्रज्वल शर्मा सहित नगर पंचायत के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड नंबर 03 के निवासियों ने भी इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

वार्ड नंबर 03 के पार्षद राहुल मरकाम ने इस अवसर पर सांसद व विधायक अनुज शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ÷हमारे वार्ड के विकास और हितग्राहियों की सुविधा के लिए सभी के सामूहिक चिंतन और प्रयासों ने इस कार्य को आसान बनाया। यह न केवल मेरे वार्ड के लिए, बल्कि पूरे खरोरा के लिए गर्व का क्षण है।

भवन अनुज्ञा पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने इस पहल की जमकर सराहना की। उनके लिए यह पत्र न सिर्फ एक दस्तावेज है, बल्कि अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित और स्थायी घर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हितग्राहियों ने नगर पंचायत के इस प्रयास को सराहते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में नया बदलाव लाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी ने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत हमारा लक्ष्य हर जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। आज का यह आयोजन उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे।

यह आयोजन खरोरा के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो न केवल हितग्राहियों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा। नगर पंचायत ने भविष्य में भी इस योजना को और प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प दोहराया, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

# जन्म पाकर जब से इस संसार में हम आए हैं, तब से हमारा जीवन अनेक आत्माओं के उपकार के बोझ रूप बन गया है

समवेत शिखर न्यूज



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

**अहमदाबाद।** हम कभी अपने जीवन के बारे में गहराई से सोचे तो एक तथ्य हमारे सामने जरूर उभरकर आएगा। हमारा जीवन प्रणाली इस तरह से बन गई है कि हम एक-दूसरे के प्रति उपकार पर निर्भर हो जाते हैं। जन्म पाकर जब से इस संसार में हम आए हैं तब से हमारा जीवन अनेक आत्माओं के उपकार के बोझ रूप बन गया है। आप ट्रेन से सफर कर रहे हो। आपकी ट्रेन पटरी से नीचे नहीं उतरती आप सही सलामत आपके इच्छित स्टेशन पर पहुंच जाते हो सचमुच, आप ट्रेन के गार्ड का आपके प्रति यह उपकार है आप फूटपाथ से पैदल कहीं जा रहे हो। ट्रक डाइवर या टैक्सी डाइवर भी उसी रस्ते से पसार हो रहा है। परंतु चला जाता है वह भी आपका उपकारी बन जाता है।

अहमदाबाद में बिराजित प्रखर प्रवचनकार, संत मनीषि, प्रसिद्ध जैनाचार्य प.पू. राजयश सूरीश्वरजी म.सा. श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते है आप हैर कटिंग सलून में बाल कटवाने गए। आपको नाई के ऊपर पूरा भरोसा है कि नाई आपके बाल ही काटेगा गला नहीं वह नाई भी भी आपका उपकारी बन गया। शाम को आप दुकान से घर लौटते है आपकी पत्नी आपके लिए थाली में भोजन परोसकर लाती है। आप निश्चित मन से भोजन का स्वाद लेते है। आपके मन में तनिक भी आशंका नहीं होती कि क्या भोजन में पत्नी ने जहर तो नहीं मिलाया होगा? पत्नी का आपके प्रति यह विश्वास भरा सद्व्यवहार उसका उपकार है।

प्रवचन की धारा को आगे बढ़ाते हुए पूज्यश्री फरमाते है इस धरती पर एक भी ऐसा अमीर आदमी नहीं है जो किसी का कभी मोहताज न बना हो उसी तरह न कोई ऐसा गरीब है जो कभी किसी को उपयोगी न बन सका हो। दुनिया में सभी एक दूसरे के उपयोगी बने ही है। भगवान महावीर के पांचवें गणधर श्री सुधर्मास्वामी तृतीय अंग श्री स्थानांग सूत्र में बताते है इस संसार में मनुष्य के तीन प्रमुख उपकार कर्ता है। माता-पिता, मालिक एवं धर्मगुरू। उमा स्वाति जी महाराज अपने प्रशमरति ग्रंथ में माता पिता-मालिक एवं धर्मगुरू को ही उपकारी बताया है। इन तीनों के द्वारा किए गए उपकारों से मुक्त होना बहुत ही मुश्किल है। धर्मगुरू के उपकारों से ऋणमुक्त होना इस लोक भी तो बात छोड़ों परलोक में भी असंभव है। हमें अपने माता-पिता के द्वारा जन्म मिला है इसलिए वे भी हमारे उपकारी हुए।

मालिक कहो या स्वामी कहो वे हमारे इस लोक के जीवन व्यवसाय के बारे में जीवन यापन किस प्रकार से करना उसका मार्ग हमें बताते है।इसलिए वे भी हमारे उपकारी है। गुरू भगवंत हमारे परम उपकारी है क्योंकि वे हमारे जीवन की गाडी धर्म के मार्ग पर लाते है संक्षेप में कहा जाय तो माता-पिता हमारे जन्मदाता है मालिक हमारे जीवन दाता जबकि गुरू हमारे धर्म दाता है।

हमें इन उपकारकर्ताओं के उपकारों से तो ऋण मुक्त होना ही है। इस दुनिया में लोग दुखों छुटकारा पाने के लिए प्रयत्न करते है। पाप से मुक्त होने के लिए भी लोग प्रयत्न करते है। उसी प्रकार हमें ऋण से मुक्त होने के लिए भी प्रयत्नशील रहना चाहिए छोटा या बड़ा कोई भी उपकार भूलने जैसा नहीं है। चाहे वह उपकार मां बाप ने किया हो अथवा भाई-बहन ने किया हो अथवा तो मित्र सहेली ने किया हो। परमात्मा के बताए हुए मार्ग पर चलकर उपकारीओं को स्मृति में लाकर शीघ्र आत्मा से परमात्मा बनो।

# अवैध धान खरीदी को रोकें एवं एमएसपी के आधार पर किसानों के धान खरीदी करें: साहू

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू ने कृषि उपज मंडी समिति के मुख्य सचिव को लिखित ज्ञापन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से किसानों की हालत बद से बत्तर हो गई है, वर्तमान स्थिति में सभी तरफ रबी फसल की धान कटाई हो गई है, जिसकी खरीदी निम्न दरो पर व्यापारी एवं दलालों द्वारा किया जा रहा है, जिस पर बंदिश लगाने की आवश्यकता है, साथ ही साथ गांव गांव में धान दलाल किसानों की धान को औने-पौणे दाम पर खरीद कर मोटा कमाई कर रहे हैं, साहू ने आगे कहा जिस तरह से ओलावृष्टि एवं आंधी तूफान के चलते किसानों के फसल में बेहद नुकसान झेलने को मिला है,वहीं धान का मूल्य एसएसपी से बहुत नीचे लिया जा रहा है, इस वजह से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, हमारी जब सरकार थी तब किसानों को इस तरह से परेशानियों का सामना करना नहीं पढ़ रहा था क्योंकि कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों की हित को ध्यान में रखते हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने ज्ञापन देते हुए स्पष्ट कहा है तीन दिवस के भीतर दलालों के ऊपर कार्यवाही किया जाए एवं मंडी में एम एस पी के आधार पर धान खरीदी किया जाए अन्यथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ किसान संगठन एवं किसान साथियों के साथ उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों पर कार्यशाला का आयोजन कल



**गरियाबंद।** जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की उपस्थिति में शनिवार 24 मई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार पंजीयन विभाग के 10 नये जनोपयोग सुधारों की एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण जनसामान्य के जानकारी एवं प्रचार-प्रसार के लिए रखा गया है। जिसमें संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### नवापारा नगर में 131 परिवार को मिलेंगे पक्के मकान, 3.27 करोड़ स्वीकृत

**नवापारा राजिम ।** गोबरा नवापारा नगर के गरीब परिवार को एक बड़ी सौगात मिली है। नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू ने बताया कि राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नवापारा नगर में 131 पक्के मकानों के लिए 327.5 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी पर लोगों ने अपना विश्वास जताया था। उसी का परिणाम है कि गरीबों के पक्के मकान के सपने अब सच होने वाले है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय का सुशासन का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ सभी क्षेत्रों में विकास की ऊंचाइयां छू रही है। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान विधायक इंद्रकुमार साहू के मार्गदर्शन एवं प्रयास से नगर को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है। नवापारा नगर के लिए 131 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू ने यशस्वी प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव एवं अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू का आभार जताया है।

### भोपाल में तेज आंधी के साथ बारिश, पेड़ भी गिरे



**भोपाल।** भोपाल और रायसेन में गुरुवार रात को आंधी के साथ बारिश हुई है। मध्यप्रदेश में गुरुवार को भी मौसम बिगड़ा। कई जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। भोपाल में रात में अचानक तेज आंधी चलने लगी। इससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। कई जगहों पर पेड़ भी गिरे है। शहर के कई हिस्सों में बूंदाबांदी भी हुई है। रायसेन में भी गुरुवार रात को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए भोपाल, इंदौर समेत 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया था। साथ ही ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू चलने की संभावना जताई थी।

# अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों को मिलेगा पुरस्कार : मुख्यमंत्री साय

» मुख्यमंत्री ने सरगुजा संभाग के तीन जिलों की समीक्षा की, अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

» पेशियों की न दें बार-बार तारीख, फील्ड में दिखे सक्रियता

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार के अंतर्गत अम्बिकापुर में सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज और जशपुर जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनहितकारी शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से अमलीजामा पहनाने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों से टीम भावना से कार्य करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण में प्रदेशभर से लगभग 40 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनका समाधान दूसरे चरण में किया गया। अब तीसरे चरण में वे स्वयं जिलों का दौरा कर आम जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं।

#### जनता के प्रति जवाबदेह बनें अधिकारी

मुख्यमंत्री ने तीनों जिलों के कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों से कहा कि वे जनता के सेवक हैं, उनकी जिम्मेदारी है कि समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से फील्ड का दौरा करें, जनता के सुख-दुख में शामिल हों और शिकायतों के निपटारे में पेशियों की अनावश्यक तारीखें देना बंद करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अवैध रेत खनन के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए।

#### बुनियादी जरूरतों पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि कहीं पेयजल संकट की स्थिति बनती है, तो इसका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि तालाबों को सूखने से बचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोतों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बारिश शुरू होने से पहले किसानों को खाद-बीज की कमी न हो, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनने वाली सड़कों, पीएम आवासों तथा जिलों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और उनकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

#### स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों के निर्देश

गर्मी और बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों और सांप काटने की घटनाओं की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों और एंटी-स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

#### वनाधिकार और अतिक्रमण के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वनाधिकार पट्टों की समीक्षा राजस्व, आदिवासी विकास और वन विभाग संयुक्त रूप से करें और केवल पात्र हितग्राहियों को ही पट्टा प्रदान किया जाए। उन्होंने अवैध पट्टा धारकों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सीमावर्ती जिलों में अवैध रूप से निवास कर रहे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा।

समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुज़ा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, विधायक श्री राजेश अग्रवाल, श्री प्रबोध मिंज, श्री राम कुमार टोप्पो, श्री भैयालाल राजवाड़े, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, सरगुजा कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, सरगुजा आईजी श्री दीपक झा सहित सरगुज़ा, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं जशपुर जिले के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घर के बिस्तर में मिली 3 लाशें

### रायगढ़ में मां और 2 बच्चों की संदिग्ध मौत, 3-4 दिन पुराने शव, बदबू आने से चला पता

समवेत शिखर संवाददाता



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में एक घर के बिस्तर में 3 लाशें मिली हैं। ये लाशें मां और उसके दो बच्चों की हैं। तीनों शव 3 से 4 दिन पुराने बताए जा रहे हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मामला आत्महत्या या हत्या का है।

मामला छाल थाना क्षेत्र के ग्राम कीदा का है। जानकारी के अनुसार, गांव की रहने वाली 35 वर्षीय सुकांति साहू अपने दो बच्चों के साथ घर में रहती थी। उसका पति महेंद्र साहू मजदूरी करता है। सोमवार को काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। गुरुवार दोपहर गांव वालों को महेंद्र के घर के पास से तेज दुर्गंध आने लगी। ग्रामीणों ने इस बारे में सरपंच को जानकारी दी। सरपंच और कुछ लोग जब मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने आसपास जांच की लेकिन कुछ नहीं दिखा।

हालांकि, घर के अंदर से आ रही तेज बदबू से उन्हें शक हुआ। जब देखा गया कि घर अंदर से बंद है और किसी की कोई आवाज नहीं आ रही, तो लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

छाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा किसी तरह खोला गया। अंदर देखा कि बिस्तर पर सुकांति साहू (35 साल), उसका बेटा युगल साहू (10 साल) और बेटी प्राची साहू (8 साल) की लाशें पड़ी थीं।

# भाटापारा मंडी में भारी आवक के बाद नया महामाया धान का रेट गिरा

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** इन दिनो रबी फ सल की कटाई व मिसाई के बाद धान की बंपर आवक के बाद भाटापारा कृषि उपज मंडी मे नये महामाया धान का भाव अब पर्याप्त आवक के पश्चात गिरने लगा है।

मंडी मे भाटापारा के अलावा पेन्ड्रा मरवाही गौरेला, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ, महासमुंद, बेमेतरा, कवर्धा, मुंगेली व बिलासपुर सहित अन्य दूर दराज के जिलो के सुदूरवर्ती गांव के लोग भारी संख्या मे विभिन्न वाहनो से नये धान व उन्हारी जींस को बेचने अभी भी भाटापारा के मंडी मे पहुंचने लगे है गुरूवार को मंडी मे विष्णु ज़ेग ईनेम धान 5700 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बिका वहीं महामाया नया धान 2381 रूपये प्रति क्विंटल के उछाल भरे रेट मे बिका इसी तरह महामाया ईनेम धान भी 2667 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, प्रांगण मे ईनेम श्रीराम धान 2800 रूपये प्रति क्विंटल तथा मोटा रकजा धान 2060 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, श्रीराम ईनेम धान 3226 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, एचएमटी ईनेम धान 2571 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं प्रांगण मे राहर की भी बंपर आवक हुई और वह 6480 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बेचा गया ईनेम तिवरा 3751 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं तिवरा ईनेम 3942 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया गेहूं 2470 रूपये प्रति क्विंटल तथा गेहूं ईनेम 2551 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका, मसूर 5200 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, मंडी प्रांगण मे चना के भाव भी अपना तेवर दिखाते हुये 5740 रूपये प्रति क्विंटल के महंगे भाव पर बेचा गया सरसो ने भी भाव मे उछाल मारते हुये 5760 रूपये प्रति क्विंटल के भाव को छू लिया, कोदो 2150 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया।

धनिया 6821 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव पर बेचा गया जबकि बटरी 4371 रूपये प्रति क्विंटल भाव से बिका वहीं चना 5575 रूपये के प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बेचा गया इसी प्रकार धान व उन्हारी की अन्य किस्मो की भी लगातार आवक जारी है लेकिन मंडी प्रांगण के छोटा पड़ जाने से किसानो को लंबी प्रतीक्षा करना पड़ रहा है। बहरहाल भाटापारा मे रिकार्ड तोड़ धान व उन्हारी उपज की आवक का क्रम लगातार जारी है।

# देश सेवा में लगे जवानों को सलाम, ऑपरेशन सिंदूर के लिए निकाली तिरंगा यात्रा



समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।** ऑपरेशन सिन्दूर के तहत देश की सुरक्षा में शहीद हुए जवानों के प्रति सहानुभूति एवं देश की सुरक्षा में लगे जवानों सम्मान एवं मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पंचायत फिंगेश्वर के सभी महिला जनप्रतिनियो, महिला समूह, NULM की महिला के सहयोग से नगर में ऑपरेशन सिन्दूर रैली का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत कार्यालय भवन से पुराने बस स्टैंड, शहीद स्मारक चौक, पुराना साप्ताहिक बाजार होते हुए कार्यालय भवन तक रैली निकालकर जयघोष के नारों के साथ ऑपरेशन सिंदूर का सफलतापूर्वक संचालन हुआ, जिसके लिए तिरंगा यात्रा निकाला गया, जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत फिंगेश्वर के महिला जनप्रतिनियो, महिला समूह, NULM की महिला, नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम में महिला समूह द्वारा बढकर हिस्सा लिया व कार्यक्रम को सफ़ल बनाया गया।

# वर्षों पुराने डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की बाट जोह रहे हैं ग्रामीण

### भाटापारा सुहेला मार्ग का डामरीकरण प्रगति पर

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** क्षेत्र मे एक लंबे समय बाद भाटापारा सुहेला चौदह किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क का डामरीकरण कार्य द्रुत गति से चल रहा है जिसके फलस्वरूप अब इस मार्ग पर चलने वाले तमाम वाहन तेजी से दौड़ने लगे है।

वहीं भाटापारा सुहेला मार्ग के प्रमुख गांव खोखली, जरौद, सिनोधा, फरहदा, टेकारी, आमाकोनी, खपरी, डिग्गी, शिकारी केशली, भंवरगढ़, जांगड़ा, लोहारी, रानी जरौद, नेवारी फुलवारी, बिटकुली, रावन झीपन, पड़कीडीह, खपराडीह व बासीन सहित अनेक गांव वालो को अब भाटापारा आने जाने मे सहुलियत के साथ कम समय लग रहा है इस मार्ग पर चलने वाली भाटापारा खरोरा बस भी अब नियमित रूप से दौड़ रहीं है अब इस मार्ग पर दर्जनो की संख्या मे अनेक छोटे वाहन तथा बैटरी चलित तीन पहिया वाहन भी सवारी लादकर दौड़ रहे है लेकिन बरसात मे इस मार्ग पर भाटापारा से आठ किलोमीटर दूर ग्राम डिग्गी के पास स्थित जमुनैया नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की दशको पुरानी मांग पूरी नहीं होने से आगामी बारिश मे फिर से डिग्गी रपटा के डूबान मे आने से भाटापारा सुहेला का सीधा सड़क संपर्क टूट जायेगा जो कि आम नागरिको के साथ साथ छात्र-छात्राओं तथा वे ग्रामीण जो अपनी बिमारी का उपचार कराने भाटापारा आते है उन्हे विभिन्न प्रकार की बाधाओ से जूझना पडेगा एक लंबे समय से भाटापारा सुहेला मार्ग के डिग्गी नाला मे उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग जारी है जिस पर अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किये जाने से उक्त जायज मांग अब तक अपूर्ण है बताया जाता है डिग्गी नाला का क्षेत्र बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र मे आता है और यह अंतिम क्षेत्र भाटापारा की सरहद से लगा हुआ है इसी अंतिम क्षेत्र मे अधिकांश गांव पिछडेपन के शिकार से जूझ रहे है जिसमे डिग्गी खपरी गांव भी प्रमुख है जहां एक ओर छोटे नाले व रपटे पर उच्च स्तरीय पुल बन गया है लेकिन भाटापारा सुहेला प्रमुख मार्ग के डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का न होना इस क्षेत्र की घोर उपेक्षा का प्रमाण बना हुआ है उक्त रपटा पर पुल नहीं होने से बारिश के चार महीने मे भाटापारा का सीधा सड़क संपर्क सुहेला, हिरमी, भटज़ेरा, कुथरौद, रावन झीपन, चुचरूंगपुर, खरोरा तथा सैकड़ो अन्य गांवो से टूट जाता है वहीं बडे बडे औद्यौगिक सिमेंट संयंत्र जिसमे लार्सन एवं टूब्रो, ग्रासीम, श्री सीमेंट, बांगड़ सीमेंट व अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनियो सैकड़ो माल वाहक चौपहिया वाहन एवं सामान्य बस जिसमे सामान्य यात्रियों के अलावा सीमेंट कंपनी की स्टाफ बस वालो को भी आने जाने मे तकलीफो का सामना करना पड़ता है।

इस वर्षा बाधा मे सर्वाधिक परेशानी उन स्कूल बच्चो को उठाना पड़ता है जो सीमेंट कंपनियो द्वारा संचालित स्कूलो मे अध्ययन करने भाटापारा सहित आस पास के क्षेत्र से वहां के स्कूल मे विद्या अर्जन करने आते जाते है अतः लोकहित मे डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल बनाने की दिशा मे संबंधित विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को विशेष रूचि लेकर प्रयास करना चाहिये ताकि भाटापारा सुहेला प्रमुख मार्ग के डिग्गी नाला के डूबान मे आने की समस्या का स्थाई निदान निकल सके।

# पटवारियों की कमी के चलते राजस्व कार्य हो रहा प्रभावित

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** इन दिनो समूचा तहसील क्षेत्र पटवारीयो की कमी के चलते राजस्व मामलो मे किसानो को काफी परेशानियाँ उठानी पड रही है कुल 21 पटवारी मे महज आधे ही काम का निपटारा कर रहे जबकि कुछ पटवारी अवकाश पर व निलंबित होना बताया गया है वही आधे हल्के प्रभार मे चल रहा है, सुशासन तिहार मे राजस्व मामलो के लिए लगे आवेदनो का राजस्व निरीक्षक व पटवारीयो के आभाव मे उचित तरीके से निराकरण नही हो पाया है साथ न्यायालीन प्रक्रिया भी पटवारीयो की प्रतिवेदन के आभाव मे धीमी गति से चल रही है जिससे राजस्व मामलो का निपटारा नही हो पा रहा है। 65 गांव की आबादी वाली थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के सभी पटवारी हलको मे काफी दिनो से पटवारीयो की कमी देखी जा रही है जिससे किसान काफी परेशान है।बिक्री नकल,भूमि सीमांकन,नजरी,नक्शा,आय,जाति व निवास प्रमाण पत्र,त्रुटि सुधार,बटांकन व प्रमाणीकरण जैसे अनेक राजस्व कार्य पर बूरा असर पड रहा है साथ ही किसानो के आवश्यक कार्य का निपटारा भी नही हो पा रहा है।सबसे बडी बात यह है कि तहसील मुख्यालय थान खम्हरिया ही पटवारी विहिन है यहाँ पटवारी अवकाश मे चला गया है तथा प्रभार देने वाली एसडीएम पिंकी मनहर विवाह अवकाश पर चल रही है जिससे की नगर पंचायत क्षेत्र मे राजस्व कार्य प्रभावित हो रहा है।

गौरतलब है कि थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे कुल थान खम्हरिया दो राजस्व निरीक्षक सर्कल है जिसमे एक ही राजस्व निरीक्षक कार्यरत है वही 21 पटवारी हल्का मे कुल पदस्थ पटवारी की संख्या 17 है वही 03 पटवारी अवकाश मे है तथा 02 पटवारी




» सभी पटवारी दो से तीन हल्को के प्रभार मे है

» नकल,नजरी,नक्शा व सीमांकन को भटक रहा किसान

निलंबित होना बताया गया।थान खम्हरिया तहसील मे महिला पटवारी की संख्या अधिक होने तथा कुछ पटवारी का निवास क्षेत्र मुख्यालय से काफी दूर होने के कारण राजस्व कार्य को गति नही मिल पा रही है।आवश्यक कार्य मे पटवारी भी अवकाश मे चले जाते है जिससे किसानो को राजस्व कार्य मे लेट लतीफी देखा गया है।सबसे अधिक पटवारीयो की कमी के चलते के चलते नगरीय क्षेत्र मे आय,जाति,निवास,जाति प्रमाण-पत्र,पीएम आवास प्रतिवेदन, बिक्री नकल,प्रमाणीकरण नजरी नक्शा, ऋण प्रकरण, फौती, फर्द बटवारा,भूमि सीमांकन,न्यायालीन प्रकलण मे पटवारी प्रतिवेदन जैसे अनेक कार्य प्रभावित हो रहे है।खबर है कि थान खम्हरिया हल्के मे कोई पटवारी प्रभार लेना नही चाह रहा है,इधर पटवारीयो पर आला अधिकारीयो का नियंत्रण नही होने सभी हल्को के पटवारी लपरवाहीपूर्वक व भनचाहा काम निपटाते है वही अधिकांश पटवारी मुख्यालय मे नही रहकर थान खम्हरिया को मुख्यालय बनाकर किसानो को 20 किमी तक का दौड लगवा रहे है जिससे किसानो भारी परेशानी उठाना पडता है।

#### पटवारियों की पदस्थापना व प्रभार का दायित्व एसडीएम के पास

तहसील क्षेत्र मे हमेशा से पटवारीयो तबादला,पदस्थापना तथा प्रभारी देने का दायित्व तहसीलदार हुआ करता था परंतु वर्मातन मे एसडीएम पिंकी मनहर ने समस्त दायित्व अपने पास रख लिया है जिससे भी पटवारीयो को प्रभार देने मे देर हो रही है,पटवारी हल्का थान खम्हरिया,ठेलका व पेंड्रीकला आज भी पटवारी विहिन है यहां एसडीएम के विवाह अवकाश पर जाने से अब तक किसी को भी प्रभार नही दिया गया है जिससे किसानो का कार्य ऐन कृषि कार्य प्रारंभ होने से पूथ्व काफी प्रभावित हो रहा है।थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र का कृषि रकबा विशाल है वही भूमि खरीदी बिक्री कार्य जोरो से चलती है जबकि खरीब व रबी फसल का बडा उत्पादन क्षेत्र भी है ऐसे मे पटवारीयो कमी से राजस्व मामलो का निपटारा बी उचित तरीके से नही हो पाता है।

#### तहसील क्षेत्र में पटवारियों की चलती है मनमानी किसानो से करते है उगाही

यूं तो पूरे देश मे भ्रष्टाचार के मामले मे राजस्व विभाग अव्वल है वही थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे पटवारीयो की मनमानी चलती है किसानो से राशि ऐठने मे माहिर ये लोग छोटे से काम का बडा रूप देकर महिनो किसानो को चक्कर लगवाते है,बिक्री नकल मे सिंचित को असिंचित,दो फसली को एक फसली का नकल देकर शासन को राजस्व क्षति पहूंचा रहे है।गिरदावली रिपोर्ट मे सोयाबीन,अरहर को धान फसल लिखना जैसे अनेक कार्य केवल राशिनके लालच मे किया जा रहा है,खबर है कि प्रभार वाले स्थान पर पटवारी कार्य ही नही कर रहे जिससे खास कर आय,जाति व निवास प्रमाण पत्र,भूमि बटवारा,नामांतरण तथा बिक्री नकल जैसे कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रही है,पटवारी मुख्यालय से लेकर तहसीलदार तक छोटे से बडे कीसान उपरोक्त काम को लेकर चक्कर लगाते थक जाते है वही आए दिन किसानो तहसील मुख्यालय मे पटवारीयो को ढूंढते देखा जाता है,उपरोक्त व्यवस्था को तत्काल सुधारने की जरूरत है तथा पटवारीयो की तहसील क्षेत्र में नवीन पदस्थापना आवश्यक हो गया है ताकि राजस्व मामलो का समय रहते निपटारा किया जा सके वही बेलगाम हो चुके पटवारीयो पर लगाम कसने की भी दरकार है।

एसडीएम की अवकाश से आते ही तहसील क्षेत्र मे पटवारीयो की कमी को दूर कर व्यवस्था मे सुधार लाया जायगा जहाँ पटवारी विहिन हल्का है वहाँ भी प्रभार जल्द देकर राजस्व कार्य मे गति लायी जायगी।

**के आर वासनीक**
**तहसीलदार थान खम्हरिया**

# भाटापारा में यातायात समस्या का समाधान निकालने की मांग

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किये जाने की जरूरत है इसके लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सहित पालिका अधिकारी व लोक निर्माण विभाग तथा मंडी व राजस्व प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित कर संपूर्ण शहर में यातायात की व्यवस्था को सुधारने बाबत ठोस कार्यवाही किए जाने की जरूरत है जिससे कि शहर की बोझिल व जटिल यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके न्यू बस स्टैंड बब्बू होटल के पास पुराने ट्रैफिक चौराहा ध्वस्त हो चुका है। वहां पर एक विशाल पत्थर व बिल्डर के अवशेष दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है उसे भी वहां से हटकर वहां पर मजबूत ट्रैफिक पोस्ट बनाए जाने की दरकार है साथ ही शहर में तमाम स्थानों पर बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल को यातायात के दृष्टिकोण से प्रारंभ कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है क्योंकि एक पखवाड़े बाद शहर में यातायात का दबाव और अधिक बढ़ाने की संभावना है, क्योंकि सभी तमाम स्कूल कॉलेज प्रारंभ हो जाएंगे जिसके कारण सड़क पर यातायात का बोझ और बढ़ जाएगा इसको मत दे नजर रखते हुए यातायात की एक संयुक्त बैठक आयोजित कर सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए यातायात को व्यवस्थित किया जाने की दिशा में अमल किए जाने की जरूरत है ताकि आए दिन हो रहे दुर्घटना के साथ-साथ यातायात जाम से शहर वासियों को मुक्ति मिल सके इस दिशा में प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला पुलिस अधीक्षक व आईजी से भाटापारा की यातायात व्यवस्था के लिए विशेष रूप से पहल करने का अनुरोध किया है प्रदेश के सातवें सबसे बड़े शहर के रूप में भाटापारा की पहचान है। और यह एक प्रमुख व्यावसायिक एवं औद्योगिक शहर है जिसके कारण सड़क पर यातायात का भारी दबाव बना हुआ है खासकर रेलवे के रैक पॉइंट पर लोडिंग अनलोडिंग कार्य के दौरान तमाम भारी वाहन सैकड़ो की तादाद में जब सड़क पर दौड़ते हैं तब व्यवस्था चरमरा जाती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दो दिवस विशेष शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिये गये प्रावधान के तहत, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अतिरिक्त माननीय उच्चतम न्यायालय, द्वारा जारी आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटर प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह के लिए ऑनलाइन आवेदन करने हेतु दिनांक 22 मई 2025 से दिनांक 23 मई 2025 तक दो दिवस विशेष शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय परिसर दंतेवाड़ा में समय प्रातः 10ः30 से संध्या 5ः30 तक किया जा रहा है।

### सुशासन तिहार में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्राप्त हो रहे हैं आवेदन

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं की त्वरित सुनवाई और समाधान सुनिश्चित करना है। सुशासन तिहार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में 1 हजार 115 व्यक्तिगत शौचालय और 05 सामुदायिक शौचालय के लिए मांग पत्र पंचायतों को प्राप्त हुआ है, जिसका निराकरण कर आवेदन का पात्र अपात्र का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन पश्चात् स्वीकृति की कार्यवाही की जावेगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत छूटे हुये परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण एवं उपयोग करने पश्चात् 12 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि संबंधित हितग्राही को आधार आधारित प्रणाली से राशि जारी किया जाता है। सुशासन तिहार में मुख्यमत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप नारायणपुर जैसे पिछड़े आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ग्रामीण बढ़-चढ़कर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के मांग पत्र दे रहे हैं, जिसका कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो के मार्गदर्शन मे आवेदन का निराकरण कर स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित कर शौचालय निर्माण के लिये ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

### चिकित्सा अधिकारी पद के लिए 4 जून तक आवेदन आमंत्रित

**नारायणपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में स्व. बद्रीनाथ जिला अस्पताल नारायणपुर में योग्यताधारी चिकित्सा अधिकारी और रेडियोग्राफर, शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता अनुभव के आधार पर जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के तहत् संविदा नियुक्ति प्रदाय किया जाना है। योग्यताधारी 04 जून 2025 पूर्वान्ह 10 से अपरान्ह 12 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से अपनी मागों लेकर मिला प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ बस्तर संभाग

### 1998 99 की एक सूत्रीय प्रमुख मांग पुरानी पेंशन

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** आज दिनांक 22मई 2025 को प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं संभागीय अध्यक्ष अमलेस ठाकुर के नेतृत्व मे बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मण्डल/ज़िलापदाधिकारी/एवं समस्त ब्लॉक पदाधिकारियों के द्वारा , मिलकर अपनी एक सूत्रीय मांग,प्रथम नियुक्ति तिथि 1998 से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने अवगत कराया कि हमारी नियुक्ति 1998 99 की है और सभी विभागों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा चुका है सिर्फ 1998 99 वाले शिक्षकों को वंचित किया गया है जबकि शासन पर किसी भी प्रकार की कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा कि भी जानकारी से अवगत कराया गया आपके तरफ से सहमति प्रदान की जाए ताकि सरकार सकारात्मक निर्णय ले द्यसंभागीय अध्यक्ष ने भी कहा कि आपने बनाया है आप को ही संवारना है द्य आगे की जानकारी देते हुए ज़िला अध्यक्ष यदुवेंद्र प्रताप कुशवाह ने कहा कि हमे 2001 मे नियमित किया गया है हमारी आवाज केबिनेट मे रखी जाए ताकि समस्या का हल निकले द्य चर्चा मे आगे बताया गया की संविलियन शिक्षा विभाग मे 01जुलाई 2018 को डॉ.रमन सिंह जी के शासन काल में शिक्षा विभाग में किया गया।और अब स्थिति यह निर्मित हो रही है कि,हमारे जो साथी सेवानिवृत हो रहे हैं,या हो चुके है,उन्हें पेंशन की राशि नहीं मिल रही है।क्योंकि इनकी सेवा अभी दस वर्ष नहीं हुई है।जिसके कारण पेंशन के दायरे में नहीं आ रहे हैं। माननीय महोदय जी को यह भी अवगत कराया गया कि, हमारे ऐसे शिक्षको की संख्या आज लगभग 15000 अठारह हजार ही है ।सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन भुगतान के लिए हमारे द्वारा एन पी एस की जमा की गई राशि को पेंशन लाभ के लिए जी पी एफ में समायोजन किया जा सकता है।जब हमारी नियुक्ति हुई थी,तो उस समय एन पी एस लागू ही नही था उस समय पुरानी पेन्शन कर्मचारियों को दी जा रही थी।

अतः पुरानी पेंशन का लाभ प्रथम नियुक्ति तिथि 1998 से नियमानुसार दिया जा सकता है।इस पर माननीय किरण देव ने आश्वस्त किया की आपकी मांग जायज है, और पेंशन के हकदार हैं।आपकी मांगों को सरकार तक अवश्य रखूँगा।इस अवसर पर प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मीरा ठाकुर सहित चवन प्रसाद पांडे, कुसनु बघेल. संगीता गोस्वामी, शोभा8 बघेल, लखमी पटेल, रतू राम मंडावी , थीबु राम बघेल, झोड़ियांराम बघेल, मोती राम कश्यप, विश्वनाथ बघेल, सोमेश् बघेल, तुलसी साहू, बलराम कच्च, सूडन मौर्य,मंगल राम कश्यप आशानिधि,सोन सिंह पटेल, गुप्तेश्वर कश्यप, रघुनाथ कश्यप, रामा सीदार ,दिलेसवरी सेठिया,कमल राम कश्यप ,बलिराम कश्यप, रामा राम मंडावी ,सोमारु कश्यप, तिलोंतमा घरत ,नंदा सहगल, चित्रद्य किरण राव,पीलूराम बघेल ,सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे।

## इंद्रावती बनेगी जीवनरेखा, बैराज निर्माण से जगदलपुर को मिलेगा स्थायी जल समाधान : संजय पाण्डेय



समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर ।** बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी अब शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए नई राह खोलेगी। जगदलपुर शहर को लंबे समय तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जगदलपुर में 'बैराज' के निर्माण की योजना पर अब तेजी से काम शुरू होने वाला है।

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की संवेदनशीलता एवं नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे की पहल पर यह ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से चर्चा कर महापौर ने बैराज निर्माण की सहमति भी प्राप्त कर ली है। अब जल संसाधन विभाग से तकनीकी प्रस्ताव भी तैयार कराया जा रहा है।

नगर निगम के वर्ष 2025-26 के बजट में इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज निर्माण को शामिल किया गया है। विगत दिनों बस्तर प्रवास पर पहुँचे जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से महापौर संजय पाण्डे, अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, एमआईसी सदस्यगण एवं नगर निगम के पार्षदों ने सौजन्य भेंट कर नगर निगम का बजट सौंपा था, जिसमें बैराज निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में प्रस्तुत किया गया था।महापौर ने जल संसाधन मंत्री को नगर निगम के बजट की प्रति सौंपते हुए बैराज निर्माण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

# दरभा, बस्तर विकासखंड और नगर के टाउन हॉल में समाधान शिविर का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** गुरुवार को बस्तर जिले के दो विकासखंड दरभा, बस्तर के ग्राम पंचायतों के साथ ही नगरीय क्षेत्र जगदलपुर के टाउन हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड दरभा के पखनार में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम - सम्मिलित ग्राम - एसकेल पखनार, छोटेपखनार, तोयनार, मुन्देनार, कलेपाल, नीलेगोदी बोदेनार, गिदावारली, मामड़पाल, मुंगा, गुमड़पाल, केलाउर, कटेनार, टेमरूभाटा, मुसागुड़ा, बीसपुर, कुडुमखोदरा, कोड़रीछापर को शामिल किया गया। के पखनार कलस्टर में आयोजित शिविर हेतु 3267आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3257 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 10 लंबित हैं।

बस्तर विकासखंड के करमरी में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम - महुपालबरई, परचनपाल, बागनपाल, कोलचुर, करमरी,मरलेंगा, चोकर, महुपालबारी, घाटकवाली, मुण्डापाल, कुड़कानार, कविआसना, किंजोलीपाल, टिकरालोंहगा, घाटलोहगा, चिड़ईपदर, कुदालगांव ग्राम पंचायत को शामिल किया गया हैं। करमरी कलस्टर में आयोजित शिविर हेतु 6964आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 6961 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 3 लंबित हैं। इसके अलावा टाउन हॉल जगदलपुर समाधान शिविर में नगर निगम क्षेत्र के 12 वार्डो में मोतीलाल नेहरू, दीनदयाल उपाध्याय, दंतेश्वरी वार्ड, गंगानगर, गांधीनगर, जवाहर नगर, सरदार वल्लभ पटेल, मदर टेरेसा, शांति नगर वार्ड, मदनमोहन वार्ड, गुण्डाधुर वार्ड सम्मिलित थे। उक्त शिविर के लिए वार्डो से 776 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 775 आवेदन का निराकरण किया गया है, एक आवेदन लंबित है। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभागीय स्टालों का अवलोकन किया और महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्न प्रसन्न कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया। टाउन हॉल शिविर में विधायक श्री किरण देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में आयोजित समाधान शिविर का बहुत अच्छा प्रतिसाद जनता से मिल रहा है। सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। समाधान शिविर में हमारी देवतुल्य जनता की समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सोच की जनता से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम समाधान शिविर होता है। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। श्री देव ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। उन्होंने जगदलपुर नगर निगम में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं के साथ ही राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण, महतारी वंदन योजनांतर्गत हितग्राहियों का चयन आदि के लिए वार्ड पार्षदों को सकारात्मक पहल किए जाने कहा। साथ ही नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आग्रह किया। दरभा विकासखंड के पखनार में आयोजित शिविर में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,क्षेत्र के जिला एवं जनपद के सदस्य, कलेक्टर श्री हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन सहित जनपद सीईओ, ब्लॉक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में विभिन्न भण्डार सामग्री की आपूर्ति के लिए 28 मई तक निविदा आमंत्रित

**नारायणपुर।** सत्र 2025-26 के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय, नारायणपुर हेतु विभिन्न भण्डार सामग्री की आपूर्ति जैसे यूनिफॉर्म, बिस्तर, फर्नीचर, किराना सामान, सब्जी, बेकरी सामग्री, नॉन वेज आइटम, स्टेशनरी, खेलकूद सामग्री, प्रयोगशाला सामग्री, भवन मरम्मत संधारण सामग्री तथा कार्य जैसे हेयर कटिंग, यूनिफॉर्म सिलाई, धुलाई, प्रेस इत्यादि संलग्न करने के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर, निर्माता, आपूर्तिकर्ता एवं कंपनियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र, दस्तावेज 500 रूपये प्रति सेट के हिसाब से प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, नारायणपुर के कार्यालय से 27 मई 2025 अपरान्ह 3 बजे तक एवं 28 मई को पूर्वान्ह 11 बजे तक कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

### पीवी सिंधु पहले ही दौर में हारकर हुई बाहर, किदांबी श्रीकांत-एचएस प्रणय ने दूसरे दौर में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** मेलिशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत समेत पुरुष खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत की है। लेकिन दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को 19-21,21-17, 21-16 से हराया। अब उनका सामना जापान के युशी तनाका से होगा। वहीं सतीश करूणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को 21-13, 21-14 से मात दी। अब वह फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से खेलेंगे। भारत के आयुष शेट्टी ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बाद में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने चीन के छठी रैंकिंग वाले लू गुआंग को 21-21, 13-21, 21-11 से हराया। सिंधु का खराब फॉर्म हालांकि, जारी रहा और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन थुए लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गईं।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान, 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मौका, आयुष म्हात्रे को कप्तानी सौंपी गई



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वॉर्म-अप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी।

इस टूर के लिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गई है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आईपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है।

आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला आईपीएल सीजन है। आयुष ने आईपीएल 2025 के 6 मैचों में 206 रन बनाए। जहां उनका एवरेज 34.33 का है और स्ट्राइक रेट 187.27 का है। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाए और उनका एवरेज 36 तो स्ट्राइक रेट 206.55 दर्ज किया गया। वैभव ने इस दौरान एक शतक और एक अर्धशतक लगाया।

आयुष म्हात्रे (कप्तान), अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

स्टैंडबायः नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)। वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए अबतक 5 फर्स्ट क्लास और 6 लिस्ट-ए मुकाबले खेले हैं। वैभव ने फर्स्ट क्लास मैचों में जहां 100 रन बनाएं हैं, तो वहीं लिस्ट में उनके नाम 132 रन दर्ज हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड की जगह मुंबई के 17 साल के ओपनर आयुष को टीम में शामिल किया था। म्हात्रे ने मुंबई के लिए नौ फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक बनाया है। उन्होंने सात लिस्ट ए मैचों में मुंबई का प्रतिनिधित्व भी किया, जिसमें नागालैंड के खिलाफ उनका उच्चतम स्कोर 181 था। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने 148 रन बनाए थे। म्हात्रे को 2024 में खेले गए अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने 3 मैचों में 55 रन बनाए थे। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 64वां मुकाबला आज गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच खेला जाएगा। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें सीजन में दूसरी बार आमने-सामने होंगी। पिछले मैच में लखनऊ ने गुजरात को 6 विकेट से हराया था।

### फिक्सर वापस आ गया है - और इस बार मामला है पर्सनल राणा नायडू सीज़न 2 का प्रीमियर 13 जून को नेटफ्लिक्स पर

**हैदराबाद।** हैदराबाद के मशहूर प्रसाद सिनेमा में आज एक खास सेलेब्रेशन देखने को मिला, जहां फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके की मेज़बानी की सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने, जिनके साथ मौजूद थे वर्सेटाइल और डायनैमिक अभिनेता अर्जुन रामपाल। ये इवेंट नेटफ्लिक्स की जबरदस्त सीरीज़ 'राणा नायडू' के दूसरे सीज़न की वापसी का सेलेब्रेशन था। दोनों सितारों ने बड़े ही शानदार अंदाज़ में ग्रैंड एंट्री ली और राणा नायडू सीज़न 2 का एक विशाल पोस्टर अनावरण किया, जिससे आने वाले धमाके की झलक मिल गई। इस मौके पर फैंस को सीज़न 2 की पहली झलक भी दिखाई गई, जिससे शो को लेकर एक्ससाइटमेंट और भी बढ़ गयी। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने कहा, 'सीज़न 2? यह वाकई धमाकेदार है। यह पहले से बहुत विशाल है, और बहुत ज़्यादा पर्सनल भी है। नेटफ्लिक्स और पूरी राणा नायडू टीम के साथ दोबारा काम करना बहुत मज़ेदार रहा। हमने चीजों को और गहराई से दिखाया, और ज्यादा पेचीदा बनाया। हर स्तर पर दांव बढ़ा दिए हैं। ये वही सब कुछ है जो दर्शकों को पसंद आया था – बस और भी बड़े धमाके के साथ। पहले सीज़न को दर्शकों और फैंस से बहुत प्यार मिला, मुझे खुशी है कि आज हम ये एक्सक्लूसिव फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा कर पाए। अर्जुन का आज मेरे साथ होना खास है और मेरे लिए बहुत मायने रखता है। शो में भले ही राणा और रऊफ (अर्जुन रामपाल का किरदार) आमने-सामने हैं, लेकिन यहां हैदराबाद में मैं एकदम परफेक्ट होस्ट बनने की कोशिश कर रहा हूं। अर्जुन रामपाल ने कहा,÷रऊफ के किरदार को निभाना आसान नहीं था, लेकिन करन अंशुमन की लगन और मेहनत से यह मुमकिन हो पाया।



## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की ईवी सेगमेंट में आक्रामक रणनीति निरंतर है जारी, एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो-वेरिएंट को किया लांच



**मुंबई/रायपुर।** भारतीय ईवी सेक्टर में अपनी गति को निरंतर बनाए रखते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट को पेश किया है, इससे कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो का और विस्तार हुआ है। एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट 17,24,800 रुपए की एक्स-शोरूम कीमत और 12.24रु रुपए +4.5 रुपए/किमी की BaaS कीमत पर उपलब्ध होगी। आज यानी मंगलवार से ही, ग्राहक अपने निकटतम एमजी डीलरशिप पर 11,000 रुपए का भुगतान कर इस कार को बुक कर सकते हैं. इस वेरिएंट की डिलीवरी जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी. लग्जरी और व्यावहारिकता को एक साथ मिलाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। विलासिता और व्यावहारिकता को एक साथ लाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़ी बैटरी पैक प्रदान करता है।

इस लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, राकेश सेन, बिक्री प्रमुख, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, एमजी विंडसर प्रो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया सराहनीय है, क्योंकि इसके लॉन्च के 24 घटों के भीतर 8,000 से ज्यादा बुकिंग हो गई है। टॉप वेरिएंट के बाजार में स्थापित होने के साथ, हम एमजी विंडसर की पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट पेश कर रहे हैं, जो प्रीमियम आराम और सुविधा के साथ एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। इस कदम का उद्देश्य एमजी विंडसर प्रो को और अधिक ग्राहकों के करीब लाना है। एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो में फ्यूचरिस्टिक एयरोग्लाइड डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है और यह एमजी के ग्लोबल स्मार्ट इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर निर्मित है, जो अपनी विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध है। नया इंटीरियर्स आलीशान है, और रिक्लाइनेबल (135 डिग्री तक) एयरो लाउंज सीट हर यात्रा को एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है।

## जैव विविधता दिवस: अपने प्रचालन में वन्यजीवों की सुरक्षा और प्राकृतिक आवासों को बहाल करने के लिए वेदांता एल्युमीनियम की पहल



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी, वेदांता एल्युमीनियम ने अपने प्रचालन क्षेत्रों में जैव विविधता को संरक्षित करने और प्राकृतिक आवासों को बहाल करने के लिए कई समर्पित पहलों की घोषणा की है। कंपनी ने कई तरह के उपाय किए हैं, जैसे कि एक हज़ार से ज्यादा सरीसृपों और छोटे वन्यजीवों को बचाना और उन्हें सुरक्षित तरीके से छोड़ना, हरित पट्टी विकसित करना, तालाबों की सफाई के लिए अभियान चलाना, देशी प्रजातियों को फिर से लाना, बड़े पैमाने पर वनरोपण के प्रयास शुरू करना और पारिस्थितिकी संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय समुदायों में शैक्षिक आउटरीच कार्यक्रम लागू करना।

इस वर्ष की थीम है 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास'। यह थीम औद्योगिक विकास को पारिस्थितिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ने की वेदांता एल्युमीनियम की प्रतिबद्धता को प्रतिध्वनित करती है। वेदांता एल्युमीनियम ने अपने प्रचालन स्थलों पर मौजूदा जैव विविधता प्रबंधन योजनाओं को संशोधित करने के लिए पीडब्ल्यूसी इंडिया के साथ साझेदारी की है। ये योजनाएँ वेदांता की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बहाल करने और 'नो नेट लॉस' (एनएनएल) हासिल करने के लिए जैव विविधता का संरक्षण किया जा सके।

पिछले वर्ष की उपलब्धियों और वेदांता एल्युमीनियम की जैव विविधता संबंधी मौजूदा पहलों के बारे में वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, ''जैव विविधता के लिए हमारी प्रतिबद्धता अनुपालन से कहीं आगे जाती है, यह हमारे संचालन के मूल में समाहित है। पिछले एक साल के दौरान हमने अपनी साइट्स के आसपास के पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा और पोषण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आगे बढ़ते हुए हम भावी पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक पर्यावरणीय विरासत को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और साथ ही अपने साझेदारों और समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जैव विविधता हमारे विकास पथ के केंद्र में बनी रहे।''

# विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में चिकित्सा क्षेत्र निभाएं अहम भूमिका : स्वास्थ्य मंत्री

## मेडिकल कॉलेज को निजी संस्थानों से बेहतर बनाने के निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷विकसित भारत 2047 ÷ की परिकल्पना को साकार करने हेतु स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से इस महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। यह विचार उन्होंने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कोरबा की स्वशासी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।



बैठक में मेडिकल कॉलेज के संपूर्ण ढांचे, कार्यप्रणाली और सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री जायसवाल ने निर्देश दिए कि शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालयों को इस प्रकार सुसज्जित किया जाए कि वे निजी स्वास्थ्य संस्थानों से अधिक बेहतर और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरें। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना, ओपीडी व आईपीडी में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परामर्श की व्यवस्था सुनिश्चित करना, और मरीजों के साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चिकित्सा संस्थानों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से कहा, ÷आपके कार्य और सेवा की गुणवत्ता इस प्रकार की होनी चाहिए कि स्वयं आप एक ब्रांड बन जाएं। आम जनता को आपके कार्य से न सिर्फ चिकित्सा सेवा मिले, बल्कि उन्हें सम्मान और संवेदना का भी अनुभव हो।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया, आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली, सेवा की पुष्टि और समग्र प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं से संस्थान की पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी।

### 'जनहित में डीएमएफका बेहतर उपयोग'

बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि डीएमएफ का प्रयोग जनहितकारी चिकित्सा अधोसंरचना के विकास, उपकरणों की उपलब्धता और सेवाओं के विस्तार में किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के पदेन सदस्य सचिव डॉ. के. के सहारे ने पिछली स्वशासी समिति बैठक के पालन प्रतिवेदन का वचन किया। स्वशासी समिति द्वारा पिछली बैठकों में पारित कार्यों को अनुमोदन प्रदान किया गया और प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें स्किल लैब की स्थापना, ऑन कॉल ड्यूटी एवं कार्यालयीन कार्य हेतु हल्के वाहन की खरीदी, तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित बजट पर विचार शामिल था।

### 'संवेदनशीलता हो चिकित्सकीय सेवा की आत्मा'

स्वास्थ्य मंत्री ने अंत में समस्त डॉक्टरों, नर्सों एवं मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि वे अपने व्यवहार में मानवीयता, संवेदनशीलता और सेवा भाव को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा धर्म है, जिसे समर्पण और करुणा के साथ निभाया जाना चाहिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जनप्रतिनिधि,सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, डॉ. यू . एस पैकरा,अधीक्षक डॉ. गोपाल सिंह कंवर, सीएमएचओ डॉ. केसरी, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समापन में मंत्री जायसवाल ने भरोसा जताया कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन में कोरबा मेडिकल कॉलेज आने वाले वर्षों में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभरेगा।

# मुख्यमंत्री ने किया पीएम जनमन आवास का अवलोकन

## हितग्राहियों ने पारंपरिक रीति रिवाज से किया स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता

**बलरामपुर।** राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज बलरामपुर रामानुजगंज जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर पर सुदूरवर्ती पहाड़ी कोरवा ग्राम हरगवां (ढोढरी कला) पहुंचे। जहां लहंगू पहाड़ी कोरवा के घर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया गया। लहंगू और उनकी पत्नी ने सरई फूलों की माला पहनाकर आत्मीयता से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उन्होंने खाट पर बैठकर लहंगू और उनके परिवार से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री परिवार से पूरी सहजता के पहाड़ी कोरवा परिवार से घुलते मिलते नजर आए। उन्होंने उनके जीवन, दिनचर्या, संस्कृति के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने लहंगू से आवास के संबंध में पूछा, जिस पर लहंगू ने बताया कि पहले कच्ची मकान में रहने के साथ कई समस्याएं होती थी। लेकिन पक्के आवास से अब खुश है। अब किसी प्रकार की चिंता नहीं सताती। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सरई पत्तों से बने दोने-पत्तल में तेंदू, चार और लीची जैसे स्थानीय और मौसमी फल परोसे गए। आम से बने पारंपरिक पेय आम पना का भी उन्होंने स्वाद लिया। लहंगू की पत्नी दरसी ने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से तैयार की गई छिंद की चटाई, रागी, कुटकी और कटहल का फल उपहार स्वरूप भेंट किया, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरे सम्मान के साथ स्वीकार किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने पहाड़ी कोरवा भूखना पति देसिया के पीएम जनमन आवास योजनान्तर्गत बने आवास का भी अवलोकन किया।



# नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक जन जागरूकता कार्यक्रम में कोसमंदा पहुंचे

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चाम्पा।** नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (IPS) जन जागरूकता कार्यक्रम में थाना चाम्पा क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा पहुंचे।

जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नशापान के दुष्प्रभाव से होने वाले नुकसान के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला कमाण्डो का गठन कर टोपी एवं सीटी भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 10-12 वी की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को गांव के सहयोग से पुरुस्कृत भी किया गया।



वर्तमान समय में समाज में बढ़ते नशाखोरी के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना चाम्पा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोसमन्दा के गणमान्य नागरिकों द्वारा सामुहिक रूप से सम्पूर्ण नशामुक्ति अभियान व बोर्ड परीक्षाओं में अपने कक्षा में प्रथम स्थान रखने वाले होनहार बच्चों का सम्मान कार्यक्रम बाजार पारा कोसमन्दा में रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिले के पुलिस कप्तान श्री विजय कुमार पाण्डेय ने नशामुक्ति व होनहार बच्चों के सम्मान समारोह की बड़ी प्रशंसा की इस तरह से कार्यक्रम में शामिल होना एक गौरवशाली क्षण बताया। क्राईम व शिक्षा को दूसरे का दुश्मन बताया और कहा कि जिस बच्चे को सही शिक्षा मिलती है वह कभी भी काईम नहीं कर सकता।

न श ा म ु क्ति जनजागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा द्वारा महिला कमाण्डो का गठन कर सूची बनायी जाकर थाना चांपा में रखी गई है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को अश्वासन दिया कि यदि किसी प्रकार से कोई गांव क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की जाती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे एवं पुलिस के आते तक अवैध शराब बेचने वालो को पकड़कर रखें ताकि अवैध शराब बिक्री करने वालों को विरुद्ध उचित कार्यवाही की जा सके।

# प्राचार्य पदोन्नति तथा शिक्षा जगत के मुद्‌दों पर आज अंबिकापुर में बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ तथा ÷छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी- कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा ÷छत्तीसगढ़ प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ (Chhattisgarh Progressive & Innovative Teachers Federation-CGPITF) के द्वारा प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 12 वर्षो से लंबित प्राचार्य पदोन्नति के लिए तथा शिक्षा जगत के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अनवरत रूप से कार्य किया जा रहा हैं। इस कड़ी में 23 मई 2025 को अंबिकापुर में सरगुजा संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक 23 मई 2025 को प्रातः 11 बजे, स्थान- संजय पार्क, अंबिकापुर में आयोजित होगी।



बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात शिक्षाविद एवं राष्ट्रीय विचारक सतीश प्रकाश सिंह उपस्थित होंगे। शिक्षा के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षा जगत की नीतियों में सुधार लाने के लिए प्रदेश में सर्वोपरि रूप से कार्य कर रहें शिक्षाविद एवं योजनाकार सतीश प्रकाश सिंह द्वारा प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 12 वर्षो से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति तथा व्याख्याता पदोन्नति, शिक्षक पदोन्नति, युक्तियुक्तकरण, सहित शिक्षा जगत के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर शिक्षक समुदाय को सम्बोधित करेंगे। उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा द्वारा शासन के समक्ष मांग कर पूर्ण प्रयास किया जा रहा हैं कि स्कूल शिक्षा विभाग के टी एवं ई संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति का आदेश, नियमानुसार कॉउंसलिंग किया जाकर प्रदेश के रिक्त सभी प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति कर, नये शिक्षा सत्र के प्रारम्भ होने के पूर्व पदस्थापना आदेश जारी किया जावें। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ द्वारा शासन से स्कूल शिक्षा विभाग की भर्ती तथा पदोन्नति नियमों की विसंगतियों को दूर किये जाने की मांग की गई है, ताकि स्कूल शिक्षा विभाग में सभी प्रकार की पदोन्नति बाधा रहित ढंग से सम्पन्न हो सकें।

छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ द्वारा पूर्ण प्रयास किया जा रहा हैं कि प्राचार्य पदोन्नति से वंचित पात्रता रखने वाले सभी व्याख्याता एवं प्रधान पाठकों की प्राचार्य पद पर पदोन्नति हो सकें। इसके लिए प्रदेश के सभी संवर्गो के शिक्षक समुदाय को एकजुट करने के लिए विभिन्न जिले/संभाग में समर्थन अभियान प्रारम्भ किया गया हैं। जिसमें सम्पूर्ण शिक्षक समुदाय का सहयोग मिल रहा हैं।

# अवैध रेत परिवहन एवं भण्डारण पर की गई कार्रवाई

समवेत शिखर संवाददाता

**बलरामपुर।** जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अनुभाग रामानुजगंज अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र प्रधान के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार मनोज पैकरा के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर एवं अवैध रूप से भण्डारित रेत को जब्त किया गया है। ग्राम विजयनगर में सेंदूर नदी से 03 टैक्टर के द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। इसी प्रकार औरादामर में 200 ट्रिप अवैध रेत भण्डारित कर रखा गया था, जिसे तहसीलदार मनोज पैकरा की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए जब्त किया है। विदित हो कि राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



# राजनांदगांव आवासी खेल अकादमी के जिले के तीन खिलाड़ी हुए चयनित

## कलेक्टर ने चयनित होकर जिले का नाम रोशन करने पर खिलाड़ियों को दी अपनी शुभकामनाएं



समवेत शिखर संवाददाता

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने जशपुर जिले से राजनांदगांव आवासी खेल अकादमी के लिए चयनित होकर पूरे जिले का नाम रोशन करने पर होनहार खिलाड़ी अर्पण टोप्पो, एरिक नेल्सन और प्रशांत मीन को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 08 व 09 मई 2025 दो दिवसीय ट्रायल के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें प्रदेशभर से 150 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जशपुर जिले से अर्पण टोप्पो, एरिक नेल्सन और प्रशांत मीन तीन होनहार खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से चयनित होकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने इन खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह और खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले एनआईएस हॉकी कोच अनीस अहमद को भी इस अद्भुत सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

# पीएम आवास, ई-रिक्शा, लैपटॉप, आयुष्मान कार्ड से हितग्राही हुए लाभान्वित

## पंचायत अमलीपाली के समाधान शिविर में शामिल हुए अध्यक्ष खनिज विकास निगम, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि

### समाधान शिविर में नागरिकों की मांग व शिकायत पर हो रहा समाधान

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थलों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीपाली के पूर्व माध्यमिक शाला में, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत खम्हिया में, नगर पालिका परिषद अकलतरा के राजेंद्र कुमार सिंह उ.मा.विद्यालय, कुंवर भुवन भास्कर सिंह बालक पूर्व माध्यमिक शाला और नगर पंचायत खरौद के हरिकीर्तन धर्मशाला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।



ग्राम पंचायत अमलीपाली में आयोजित समाधान शिविर में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि, पूर्व विधायक श्री चुन्नीलाल साहू, कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, एसडीएम अकलतरा श्री विक्रांत अंचल सहित जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का अवलोकन कर अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली एवं प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों का निराकण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व न्यायालय से संबंधित आवेदनों को कैम्प कोर्ट लगाकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना की व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम फरहदा में सड़क मरम्मत के प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को सड़क का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले में आयुष्मान कार्ड के शेष बचे हितग्राहियों को अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ शिविर में अधिक से अधिक लोगो का सिकलसेल की जांच करने एवं जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर आवेदन लेकर पहुंचे ग्राम फरहदा के बुजुर्ग आवेदक को कलेक्टर ने आत्मीयता से कुर्सी पर बैठाकर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना एवं एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी, ई-रिक्शा, लैपटॉप, सिलाई मशीन, केसीसी चेक, वय वंदन कार्ड, ऋण पुस्तिका, एमआर किट, लो विजन किट सहित हितग्राहीमूलक सामग्रियों का भी वितरण किया। इसके साथ ही अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं को गोदभराई तथा शिशुवती माताओं को पोषण आहार वितरण किया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी गई।

समाधान शिविर अंतर्गत 23 मई 2025 को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत धुरकोट, जनपद पंचायत बलौदा ग्राम पंचायत पंतोरा के शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में और नगर पंचायत पामगढ़ के सतानाम सामुदायिक भवन में, नगर पंचायत सारागांव के कुंआ चौंक सारागांव एवं सांस्कृतिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# सीईओ ने ली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

## सुशासन शिविर और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न विकास खंडों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



सीईओ ने सुशासन शिविरों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 21 मई को ग्राम दोकड़ा में प्रस्तावित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संभावित दौरे के संबंध में जनपद सीईओ को समुचित तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पत्थलगांव, मनोरा, बगीचा, फरसाबहार और कांसाबेल विकासखंडों में पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिओ टैगिंग, रूफकास्ट, स्वीकृति आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने वर्ष 2021-22 के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने जिन विकासखंडों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के बाद रीसाइक्लिंग प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है, वहाँ शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

जिले में मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के लिए जनपद सीईओ को कार्ययोजना तैयार करने हेतु कहा गया। एनआरएल अंतर्गत बैंक मेले और मुद्रा लोन वितरण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने कहा। जिससे हितग्राही आत्मनिर्भर हो सके। वहीं नए स्व-सहायता समूह बनाकर महिलाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर के साथ सशक्त हो सके।

बैठक में विकासखंडवार साप्ताहिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई। अमृत सरोवर एवं हैंडपंप के समीप सोखता गड्ढों के निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ प्रदीप राठिया, उप संचालक कुसुम बाड़ा सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांव-गांव पहुंच रहा शासन-प्रशासन

## जनसमस्याओं का हो रहा समाधान

समवेत शिखर संवाददाता

**बलरामपुर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं सुशासन के संकल्प को साकार करने उद्देश्य से सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत भेलवाडीह में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या ग्रामीणों ने पहुंच कर अपने आवेदनों की स्थिति जानी। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए प्राप्त आवेदनों को गुणवत्तपूर्ण निराकरण करने की बात कही। उन्होंने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों से अधिक से अधिक जनभागीदारी दिखाते हुए समाधान शिविरों का लाभ लेने को कहा।



सुशासन तिहार के तीसरे चरण में भेलवाडीह समाधान शिविर में विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही पात्रतानुसार हितग्राहियों को योजनाओं को लाभ लेने प्रेरित किया गया। कृषि विभाग अंतर्गत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लिए कहा गया, जिसके माध्यम से वे अनेक योजनाओं का लाभ ले पाएंगे। किसानों को फसलों में उपयोग के लिए खाद, धान बीज भंडारण के संबंध में जानकारी दी गई ताकि किसान अपनी उपयोग अनुसार उठाव कर सकें। खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना अंतर्गत वितरण की जाने वाली सामग्री के बारे में बताया गया। शिविर में जानकारी दी गई कि जिनका राशन कार्ड नहीं बना है उनका राशन कार्ड किस तरह बनाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड के बनाने की प्रक्रिया एवं मिलने लाभ के बारे में जानकारी दी गई कि कार्ड बन जाने से गंभीर बीमारियों का निःशुल्क ईलाज करवा सकते हैं।